विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, ड्रायनिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम विश्वसनीयता का प्रतीक

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 176 | कोरबा, रविवार , दिनांक 30 मार्च 2025 डाक 31 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




# श्री नरेंद्र मोदी जी

माननीय प्रधानमंत्री
के करकमलों से

## ₹ 33,700 करोड़+

की जन कल्याणकारी परियोजनाओं का

## लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्य प्रारंभ

छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम

**दिनांक** 30 मार्च 2025

**कार्यक्रम स्थल** मोहभट्ठा ग्राउंड , बिल्हा, बिलासपुर **समय** दोपहर 12:30 बजे

### लोकार्पण ₹2,830 करोड़

- रेलवे की 3 परियोजनाएँ ₹1,188 करोड़
- अभनपुर-मंदिर हसौद खंड में MEMU ट्रेन का शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100% विद्युतीकरण
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹954 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएँ ₹568 करोड़
- विद्या समीक्षा केंद्र, छत्तीसगढ़ का शुभारंभ ₹5 करोड़
- छत्तीसगढ़ में 130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ ₹114 करोड़

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3,00,000 लाभार्थियों का गृह प्रवेश

### शिलान्यास ₹15,117 करोड़

- रेलवे की 7 परियोजनाएँ ₹1,507 करोड़
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना ₹322 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना ₹9,791 करोड़
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹3,497 करोड़

### कार्य प्रारंभ ₹15,800 करोड़

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन (2x660 मेगावाट) SCTPP, कोरबा ₹15,800 करोड़



S- 43376/111

# डीएमएफ से विकास का काम जन अपेक्षाओं की पूर्ति के साथ किया जा रहा पूरा : मंत्री लखनलाल देवांगन

## विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देश








**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यो की प्रगति एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना की स्वीकृति हेतु अनुमोदन किया गया। इस दौरान विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार क्षेत्र श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर श्री फूल सिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सहित अन्य सदस्य एवं पदेन अध्यक्ष कलेक्टर श्री अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में डीएमएफ अंतर्गत विभिन्न एजेण्डाओं पर चर्चा उपरांत मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ से जिले में विकास का काम जन अपेक्षाओं की पूर्ति के साथ किया जा रहा है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अधोसंरचना सहित जनहितैषी कार्यों को प्रस्ताव में प्राथमिकता दी गई है, उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यो की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके साथ ही निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अनेक विकास कार्यों के लिए बजट में भी प्रावधान किया जाता है। इस हेतु सभी अधिकारी विभागीय कार्यो की बजट में स्वीकृति हेतु प्राक्कलन तैयार कर समय पर स्वीकृति हेतु भेजें। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विकास कार्य का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने जिले में जल आवर्धन व संचयन की दिशा में कार्य करते हुए नए तालाब निर्माण की स्वीकृति के साथ ही निर्मित तालाबों के जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते हैं। कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ काफी देर करें जिससे जिले का शीघ्रता से विकास हो सके। शासी परिषद की बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने विभागों और जन प्रतिनिधियों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की और कहा कि जिले के विकास से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि डीएमएफ की राशि का विकास कार्यों में सदुपयोग होना चाहिए। जो भी कार्य कराए जाएंगे उसमें गुणवत्ता का ध्यान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मद की राशि के उपयोग से शैक्षणिक स्तर को ऊपर उठाने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में प्रयास करने की बात कही। विधायक पाली तानाखार श्री तुलेश्वर मरकाम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के कार्यों को प्राथमिकता से कराने की बात रखी। बैठक में विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, महापौर श्रीमती राजपूत ने अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों का प्रस्ताव देते हुए बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना सहित अन्य विकास कार्यों को गति मिलने और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निराकरण की बात कही।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शासी परिषद अंतर्गत बैठक के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना में शिक्षा, स्वास्थ्य के अतिरिक्त कृषि, नगरीय क्षेत्र विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यो को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिक्त पदों पर शिक्षकों, चिकित्सकों एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती, विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लोगों को रोजगार से जोड़ने डीएमएफ के माध्यम से किए गए पहल, जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने स्कूल, आंगनबाड़ी भवन के जीर्णोद्धार, जिले के सभी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व पौष्टिक नास्ता प्रदान किया जा रहा है। साथ ही सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, आश्रम-छात्रावासों में भोजन तैयार करने हेतु गैस सिलेंडर व रिफलिंग की व्यवस्था की गई है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को नीट-जेईई की कोचिंग व्यवस्था की गई है। विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों के विरुद्ध मानदेय शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग व महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के आधार पर विभागों द्वारा मंगाये गये प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बैठक में बताया की जिले के ऐसे गांव जहां विगत तीन वर्षों से कोई कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है उन गांवों में डीएमएफ से विकास कार्य हेतु प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले दिनों में ऐसे गांवों में भी विकास कार्य कराएं जाएंगे।

वर्ष 2024-25 में किये गए महत्वपूर्ण कार्यो के सम्बन्ध में हुई चर्चा बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास से जुड़ी जानकारी के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के महत्वपूर्ण कार्य एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना के अनुमोदन तथा गतिविधियों की जानकारी दी गई। शासी परिषद की बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावी क्षेत्र के सम्बंध में जानकारी, भुगतान की स्थिति में राशि की जानकारी, डीएमएफ अंतर्गत प्राप्ति एवं व्यय की राशि की जानकारी, आडिट महालेखाकार द्वारा संपादित ऑडिट की स्थिति की जानकारी, डीएमएफ कार्यालय में पूर्ण एवं रिक्त पदों की जानकारी, डीएमएफ के कार्यों की समीक्षा की जानकारी, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी, 2024-25 की सेक्टर अनुसार प्रगति की जानकारी, 2024-25 में किये गए महत्वपूर्ण कार्यो की जानकारी, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्ययोजना हेतु महत्वपूर्ण प्रस्तावित कार्य, अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी, जिला खनिज न्यास अंतर्गत अनुमोदन की प्रत्याशा में किए गए कार्यों की जानकारी, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्ययोजना अनुमोदन हेतु प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उच्च प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यवारण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला व बाल विकास, वृद्ध व निशक्त जन कल्याण, कौशल विकास व आजीविका सृजन, स्वच्छता, आवास, कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा व जलविभाजन विकास सहित अन्य कार्य शामिल है।

जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत वर्ष 2024-25 में हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यो में भौतिक अधोसंरचना अंतर्गत कुदमुरा से श्यांग मार्ग निर्माण हेतु 935.44 लाख, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम मड़वाढोढा पचरा से मातीन मार्ग का नवीनीकरण हेतु 98.23 लाख, देवपहरी से गोविंदझुंझु तक सीसी रोड निर्माण हेतु 29 लाख, अमलडीहा से मालीकछार तक सड़क व पुलिया निर्माण हेतु 3.27 करोड़, विभिन्न मजराटोलो आंगनबाड़ी में विद्युतीकरण हेतु 1.91 करोड़, सहित अन्य कार्य शामिल है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवासीय व्यवस्था हेतु 16.65 करोड़, अत्याधुनिक सिटी स्कैन मशीन 128 स्लाइस हेतु 11 करोड़, उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु 9.90 करोड़, पीएचसी भवन निर्माण कार्य हेतु 2.25 करोड़ ,विशेषज्ञ शल्य चिकित्सको पैरामेडिकल स्टॉफ एवं अन्य भर्ती स्टॉफ के मानदेय हेतु 6.86 करोड़, मेडिकल कॉलेज चिकित्सा शिक्षकों का मानदेय हेतु 3.38 करोड़ कार्य शामिल है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्ययोजना हेतु सभी विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए महत्वपूर्ण प्रस्तावित कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास से सम्बंधित महत्वपूर्ण कार्यो की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु आग्रह किया गया। जिसे समिति द्वारा अनुमोदन कराकर कार्य की स्वीकृति प्रदान की जा सके।

## मंत्री देवांगन ने जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत नियुक्ति पत्र प्रदान किए




**कोरबा।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखन लाल देवांगन ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास, कोरबा की शासी परिषद की बैठक के दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद से विभिन्न पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला खनिज न्यास मद से स्वास्थ विभाग में 25 स्टाफ नर्स, 01रेडियोग्राफर, 02मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट एवं 01 ड्रेसर सहित 29 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। मंत्री श्री देवांगन ने सभी नियुक्त कर्मचारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और स्वास्थ्य सेवा में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया और कहा कि इससे जिले के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, पाली-तानाखार विधायक श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, रामपुर विधायक श्री फूल सिंह राठिया, कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही, नगर निगम कमिश्नर श्री आशुतोष पांडेय, वन मंडल अधिकारी कटघोरा श्री निशांत कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# जिला खनिज न्यास मद से शहर को मिली सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास उमंग की सौगात

### उद्योग मंत्री देवांगन ने फीता काटकर किया दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पण



**कोरबा ।** जिला खनिज न्यास मद से कोरबा शहर को आज सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास उमंग की सौगात मिली। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पण किया, लोकार्पण पट्टिका का अनावरण करने के साथ ही सम्पूर्ण भवन एवं परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्षदगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यालय सह-छात्रावास के स्टाफजन उपस्थित थे।

जिला खनिज न्यास संस्थान मद से कोरबा के डिंगापुर बस्ती के समीप सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का निर्माण एवं स्थापना का कार्य कराया गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास में पठन-पाठन, प्रशिक्षण, आवास, भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है, उक्त भवन में शिक्षण-प्रशिक्षण कक्ष, सेरेब्रल पॉलिसी-बहुदिव्यांग, मल्टीसेन्सरी विकास कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, मानसिक मंदता कक्ष, श्रवण वाणी बाधित कक्ष, पूर्ण-अल्प दृष्टि दिव्यांग कक्ष, बालक-बालिका हेतु पृथक-पृथक शयन कक्ष, मनोरंजन संगीत कक्ष, फिजियो एवं व्यायाम कक्ष, किचन, भोजन व स्वल्पाहार हाल, शौचालय स्नानागार, स्टाफ रूम, पंजीयन काउंटर सहित अन्य विविध व्यवस्थाएं वहां पर की गई है, ताकि दिव्यांग बच्चों को पठन-पाठन व बहुआयामी प्रशिक्षण व गतिविधियों की सहज सुलभ सुविधा उपलब्ध हो सके। आज प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने उक्त सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पण किया, सम्पूर्ण भवन, कक्षों एवं परिसर का भ्रमण कर वहाँ पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने दिव्यांग बच्चों से भेंट की तथा उनके हालचाल की जानकारी लेते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी, मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर विद्यालय सह-छात्रावास में नियुक्त स्टाफजनों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सेदर (पंखुडी) मॉडल का विमोचन नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर एवं चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण की कड़ी में टी.पी.नगर चौक को सेदर (पंखुडी) चौक के रूप में विकसित किया गया है, जिसके मॉडल का विमोचन आज उक्त मौके पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के हाथों किया गया।

## पूर्व मंत्री ने दी नवरात्र की बधाई



**कोरबा ।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने चैत्र नवरात्र पर्व, हिन्दु नववर्ष और गुड़ी पड़वा की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्र का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए तथा मातारानी के कृपा से आपके सभी मनोकामना पुरी हो। मातारानी आप सभी को स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि प्रदान करें साथ ही हिन्दूवर्ष आपको नया उत्साह दे यह वर्ष आपके लिए मंगलमय हो।

## निलंबित सचिव हुए बहाल, फिर से बनाये गए पदाधिकारी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैंकरा और उनकी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में समस्त पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 17/12/2024 को कोरबा जिला के कुछ सचिवों द्वारा एक गलत शिकायत पर षड्यंत्र के तहत फर्जी आरोप लगाकर कार्यवाही हेतु प्रदेश अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर संवित साहू प्रदेश उपाध्यक्ष (करतला ब्लॉक) और सुनील जायसवाल प्रदेश महामंत्री (पाली ब्लॉक) को कुछ माह पूर्व पद से निलंबित करने हेतु षड्यंत्र किया गया था, परंतु जब मामले की जाँच की गई तो वह शिकायत बिल्कुल निराधार पाई गई और करतला ब्लॉक इकाई ने 04/01/2025 और पाली ब्लॉक इकाई के 24/12/2024 के सभी सचिव सचिवों ने ब्लॉक इकाई की तुरंत बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को तत्काल बहाल कर सूचना दे दिया गया था। जिसके तारतम्य में 29 मार्च को पुन: संवित साहू को प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और सुनील जायसवाल को प्रदेश महामंत्री के पद पर ससम्मान नियुक्त किया गया। इस बहाली आदेश के पत्र से पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों और इसके समर्थकों को अत्यंत खुशी का माहौल हैं।

## सीएमडी हरीश दुहन एसईसीएल मेगाप्रोजेक्ट्स के दौरे पर, गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में खनन गतिविधियों का लिया जायजा, आगामी वित्त वर्ष की रणनीति पर टीम से की चर्चा



**कोरबा।** एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने एसईसीएल की तीनों मेगापरियोजनाओं - गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा का दौरा किया। सबसे पहले श्री दुहन कुसमुंडा मेगाप्रोजेक्ट पहुंचे जहां उन्होने खदान के विभिन्न पैच में फेस तक जाकर खनन गतिविधियों का जायजा लिया एवं कोयला उत्पादन, ओबीआर एवं डिस्पैच का विस्तृत मुआयना किया। इसके साथ ही श्री दुहन ने ठेका कर्मियों के लिए संचालित कैंटीन पहुँचकर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात श्री दुहन ने दीपका खदान पहुँचकर कर माईन प्लान के जरिये खदान के संचालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना। उन्होने दीपका मेगाप्रोजेक्ट में कोयला उत्पादन, ओबीआर एवं डिस्पैच की विस्तृत समीक्षा की एवं खदान की विस्तार योजनाओं के बारे में जाना।कुसमुंडा एवं दीपका खदान का दौरा करने के बाद सीएमडी श्री दुहन देर संध्या विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान, गेवरा में उतरे। यहाँ उन्होने खदान के विभिन्न पैच में जाकर खनन गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा कोयला उत्पादन, ओबीआर निष्कासन एवं कोल डिस्पैच की विस्तृत समीक्षा की।

आगामी वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन के लिए विशेष रणनीति पर दिया ज़ोरमेगा परियोजनाओं के दौरे के दौरान टीम से चर्चा करते हुए सीएमडी दुहन ने आगामी वित्त वर्ष 25-26 में कोयला उत्पादन, ओबीआर एवं डिस्पैच लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर ज़ोर दिया।दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण सहित वरिष्ठ अधिकारी सर के साथ रहे।

# सर्वमंगला मंदिर में आज जलेगें आस्था के दीप



**कोरबा।** आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया और शुभ मुहूर्त में मां सर्वमंगला देवी मंदिर में आस्था के दीप प्रज्ज्वलित होंगेद्य मां का दरबार सज कर तैयार हो गया है। मंदिर परिसर में इस दिन से ही ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। मंदिर प्रबंधन द्वारा परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से प्रारंभ होकर 06 अप्रैल रामनवमी तक चलेगी। इन 8 दिनों में माता के विभिन्न रूपों की पूजा की जाएगी और श्रद्धालु मनोवांछित फल को प्राप्त करेंगे। 8 दिनों तक मंदिर प्रबंधन द्वारा विभिन्न आध्यात्मिक क्रिया कलापों को संपन्न कराया जाएगा। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं माँ के श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। मां श्री सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा जिला-कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पांडेय ने बताया कि नवरात्रि की महिमा अपरंपार है। मां दुर्गा के नव रूपों की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यदि हम मां से एक आशीर्वाद -असतो मा सद्गमय मांगते हैं तो सभी आशीर्वाद मिल जाते हैं। मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कर्म से ही धर्म बढ़ता है। जो जैसा धर्म अपनाता है, वह वैसा ही हो जाता है है। ऋषि-महिर्ष भी वेद ज्ञान, ब्रम्हचर्य और कर्म का पालन करके ही तेजस्वी बनते हैं। 8 दिन तक इन ब्रम्ह शर्तों का पालन करना चाहिए।

# छत्रपाल सिंह राज पाली सरपंच संघ के अध्यक्ष

**कोरबा।** सरपंच संघ पाली ब्लॉक की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सरपंच संघ पाली का अध्यक्ष मांगामार सरपंच छत्रपाल सिंह राज व सचिव पुटा के सरपंच दिलाराम नेताम को बनाया गया। उपाध्य बतरा की सरपंच रामायण देवी, सहसचिव कोरबी सरपंच विजय सिंह, कोषाध्यक्ष सराईपाली सरपंच संतोष सिंह मेश्राम, मीडिया प्रभारी रजनीश मरावी सरपंच तिवरता बनाए गए हैं। कार्यकारणी सदस्य के रूप में ज्योति प्रकाश कुसरो, रस कुंवर, प्रतिमा कंवर, जीवन बाई, सीताराम, प्रमिला कंवर, विनोद कुमार, राजलाल सिंदराम, रामकुमार, सुशीलकुमार जगत, शशिलता मरावी, सविता पैकरा, कमल देवी, चंद्रिका पैकरा व सुशीला जगत शामिल हैं। संरक्षक का दायित्व धरम सिंह खुसरो सरपंच पहाड़गांव को बनाया गया है।

## विधायक राठिया ने दी हिन्दु नववर्ष की शुभकामनाएं



**कोरबा ।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक फूल सिंह राठिया ने चैत्र नवरात्र पर्व, हिन्दु नववर्ष की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। फूल सिंह राठिया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्र का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए तथा मातारानी के कृपा से आपके सभी मनोकामना पुरी हो। मातारानी आप सभी को यह नूतन वर्ष सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लाए, सुख एवं समृद्धि प्रदान करें यह वर्ष आपके लिए मंगलमय हो।

# चण्डी दाई मंदिर महंत में देवी-देवताओं को आमंत्रित करने निकाली गई शोभा यात्रा

**जांजगीर-चांपा।** सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई तीरथ धाम महंत में नबवर्ष चैत्र प्रतिपदा शुभागमन की पूर्व बेला में चण्डी दाई मंदिर से 29 मार्च को ग्राम के सभी स्थापित देवी देवताओं को आमंत्रित करने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के बड़ी संख्या में जन मानस ग्राम बैगाओं एवं कलश धारण किए कन्याओं के शोभा यात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा का शुभारंभ सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई से नगर भ्रमण करते हुए सती दाई, ठाकुर देव, शीतला माता, कुहकी पाठ, कुरू पाठ, बरम बाबा देव, द्वारकाधीश, पांच पांडव, कहरा पीपर बेड़ा, गौरा गौरी चौरा , महावीर श्री हनुमान, काली माता, सिद्ध बाबा, हरिश्चंद्र, दमगढ़ा सहित सभी ग्राम देवताओं में धूप दीप चंदन बन्दन अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर सिद्ध शक्ति पीठ जय चण्डी दाई सेवा समिति के संयोजक देवेश कुमार सिंह ने बताया कि सर्व जन हिताय एवं सर्व जन सुखाय भावना के सभी श्रद्धालुओं के लिए नवरात्रि पर्व में अंचल एवं देश विदेश के भक्त जनों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते हैं जिस हेतु समस्त ग्राम वासियों एवं सेवा समिति के सदस्यों द्वारा पूर्ण रूपेण सनातनी परंपरा का निर्वहन करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ की व्यवस्था रखी है, जिसके अंतर्गत 30 मार्च चैत्र प्रतिपदा नव वर्ष शुभारंभ की बेला में



निर्धारित समय 11.36 से 12.36 के मध्य श्री चण्डी दाई के गर्भ गृह में घट स्थापित किए जाने उपरांत सभी जनों के सुख शांति समृद्धि की कामना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन उपरांत चैत्र नवरात्रि महापर्व का शुभारंभ होगा।

# कर वसूल करने अंतिम दिनों में हो रही मशक्कत, अवकाश के दिन भी कर रहे काम

**जांजगीर-चांपा ।** नगर पालिका का पूरा अमला इन दिनों जल कर, संपत्ति कर, समेकित कर सहित अन्य करों की वसूली में दिन रात मशक्कत कर रहा है। शहर में पालिका को तकरीबन 3 करोड़ 67 लाख रुपए की कर वसूली करनी है, जिसके विरूद्ध अभी करीब 75 फीसदी वसूली हो सकी है। वसूली का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने अवकाश के दिनों में काम किया जा रहा है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहरी सीमा अंतर्गत निवासरत जनता और व्यापारियों से विभिन्न प्रकार के कर वसूल किए जाते है, वैसे तो कर जमा करने की कोई समय सीमा नहीं होती। साल भर कर जमा करने की प्रक्रिया चलती रहती है, लेकिन वित्तीय वर्ष की समाप्ति में इस पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। इसी को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा इस बार जांजगीर नैला शहर में 3 करोड़ 67 लाख




रुपए की कर वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को हासिल करने पालिका का पूरा अमला अंतिम दिनों में पूरी ताकत से जुटा हुआ है। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार मार्च महीने में सर्वाधिक वसूली हुई है।अभी लक्ष्य से 70 फीसदी से अधिक की कर वसूली कर ली गई है। शेष राशि की वसूली के लिए राजस्व विभाग की पूरी टीम दिन रात जुटी हुई है। स्थिति यह है कि महीने के आखिरी दिनों में शनिवार रविवार और सोमवार को पड़ रहे अवकाश के दिन भी कर वसूली का काम करने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को अवकाश के दिन भी नगर पालिका में कर जमा करने वालों की भीड़ लगी रही। बताया जाता है कि 31 मार्च तक कर जमा करने पर सरचार्ज सहित अन्य शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इसके बाद की तिथि में राशि जमा करने पर सरचार्ज लगेगा।

**अवकाश के दिन भी जमा ले रहे कर**

कर वसूली का काम जोर शोर से चल रहा है। वित्तीय वर्ष समाप्ति में दो दिन शेष है। अवकाश के दिनों में भी कर वसूली का काम कर रहे है। समय की कोई बाध्यता नहीं है। पेनाल्टी से बचने आम जनता को वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व कर पटाने प्रेरित कर रहे है। लगभग 75 फीसदी वसूली हो चुकी है। वसूली बढ़ाने पूरा प्रयास जारी है।

-प्रहलाद पाण्डेय,
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

## केशरवानी समाज ने मनाया होली मिलन

**चांपा।** केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा की ओर से नगर के गुप्ता और केशरवानी समाज के परिवारों का होली और सामाजिक मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गोत्राचार्य महर्षि कश्यप के तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। समाज की बच्चियों ने गणपति वंदना पर नृत्य कर रंगारंग शुरुआत की। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेश संरक्षक प्रो. अश्वनी केशरवानी, एडवोकेट महेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, अमृत गुप्ता और भवानी गुप्ता का सम्मान हुआ। महिला सभा की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी केशरवानी और मधुरानी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधि नागेन्द्र गुप्ता और अनिल गुप्ता का भी अभिनंदन हुआ। महिला सभा की वर्तमान अध्यक्ष शांता गुप्ता और नगर सभा के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता को भी मंच पर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है। वहीं बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। स्पर्धा के विजेताओं को मिला पुरस्कार कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रेखा गुप्ता ने शायराना अंदाज में किया। सचिव गौरव गुप्ता ने आभार जताते हुए कहा कि यदि नगर सभा का सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहा तो हर वर्ष ऐसे आयोजन होंगे।

# सरपंच संघ का नेतृत्व करेंगे दुष्यंत, चुनाव में लिया निर्णय

**बिर्रा/करनौद।** बम्हनीडीह ब्लॉक सरपंच संघ का चुनाव नर्सरी करनौद संपन्न हुआ। इसमें हथनेवरा सरपंच दुष्यंत सिंह ठाकुर ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव में 02 लोगों ने दावेदारी प्रस्तुत की, जिसमें सोनाइडीह सरपंच सतन महंत और हथनेवरा सरपंच दुष्यंत सिंह ठाकुर ने दावेदारी की। संतन महंत को 17 वोट और दुष्यंत सिंह को 40 वोट मिले। निर्वाचन अधिकारी ने दुष्यंत सिंह को विजय घोषित किया। बम्हनीडीह ब्लॉक में 59 सरपंच हैं, जिसमें से इस चुनाव में 57 सरपंचों ने भाग लिया था। अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सरपंच संघ अध्यक्ष बनते ही दुष्यंत सिंह ने कहा कि निर्वाचित सरपंचों को साथ लेकर चलना है। सभी मिलकर कार्य करने की सलाह



दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, सरपंच शास्वत धर दीवान बालेश्वर चंद्रा, विनोद खुटे, गोविंद खुंटे, संतोष पांडेय, मनीराम साहू, शैलेंद्र डडसेना, आजम खान, संजू साहू, कोमल जायसवाल, एकादशिया साहू, मनोज भारद्वाज, कमलेश कश्यप, सुनील चंद्रा, महेन्द्र महिपाल, बेदराम कश्यप, रज्जाक खान, विशाल शिशोदिया, हीरालाल यादव, राजेन्द्र यादव, रामस्वरूप कश्यप, दिनेश चंद्रा, मेलाराम, संतोष केंवट, तुलसीगिरी गोस्वामी, ठाकुर सिंह चंद्रभाष सहित बड़ी संख्या में सरपंच और ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## फेसबुक में अश्लील फोटो डाला,गिरफ्तार

**जांजगीर।** फेसबुक पर अश्लील फोटो अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो जो कि 24 घंटे ऑनलाइन फेसबुक और इंस्टाग्राम में नजर रखी जा रही है। साथ ही अश्लील फोटो और वीडियो अपलोड करने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साइबर की टीम की सूचना पर खरौद में रहने वाले युवक लोकेश सहिस (20) को अश्लील फोटो और वीडियो अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) के तहत अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार किया है।

## हिन्दू नववर्ष के स्वागत में आज निकलेगी बाइक रैली

**जांजगीर-चांपा।** चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा को विक्रम संवत्सर का नया



वर्ष 2082 के स्वागत के लिए सभी सनातनीयों के द्वारा भव्य मोटरसाइकिल रैली निकल जाएगी। हिन्दुनव वर्ष के स्वागत के लिए बाइक रैली 30 मार्च रविवार को सुबह 9ः30 बजे मेजर ध्यानचंद हांकी मैदान ज़ भाटापारा जाजंगीर से निकलेगी। यह रैली कचहरी चौक होते हुए विष्णु मंदिर जांजगीर बस्ती होते. हुए शारदाचैक होकर नैला रेल्वे स्टेशन होते हुए नेताजी चौक जांजगीर से लिंक रोड होते हुए बी टी आई चौक से होते हुए श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में बाइक रैली समाप्त होगी। रैली समाप्ति के बाद वही सामूहिक हनुमान चालिसा के पाठ किया जाएगा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। जांजगीर-नैला नगर के सभी लोगों से इस हिन्दु नव वर्ष के भव्य स्वागत रैली में शामिल होने के लिए सर्व हिंन्दु समाज ने अधिकसे अधिक संख्या में उपस्थति की अपील की है। साथ ही सभी अपने मकान, दुकान मंदिर के शिखर पर एक भगवा ध्वज अवस्य लगावें तथा घर के सामने रंगोली सजाकर पांच दीप जलाए से आग्रह किया है। हिन्दु नव वर्ष उपासना और उपवास से शुरु होता है यही सनातनियों के परंपरा है। नव संवत्सर 2082 के शुभागमन के स्वागत के लिए आयोजित इस रैली में डीजे सबसे आगे रहेगा। डीजे के पीछे सभी युवा रहेंगे। उसके पीछे मातृ शक्ति बहने रहेंगी और उसके पीछे वरिष्ठ जन रहेंगे। मेजर ध्यानचंद हांकी मैदान भाटापारा जांजगीर से निकलने वाली बाइक रैली में सभी सनातनी सांस्कृतिक वेशभूषा में रहेंगे।



## पंतोरा पंचायत में चला सफाई अभियान

**पंतोरा।** पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 और 15 की गलियों में लगभग एक वर्ष से नाली का गंदा पानी बह रहा था। इससे गंदगी फैल रही थी। नवरात्रि के अवसर पर नए सरपंच लक्ष्मण कंवर ने इन गलियों की सफाई करवाई। नाली और हैंडपंप के पास फैली गंदगी और कचरे को ट्रैक्टर के माध्यम से हटवाया और हैंडपंप के पास गंदगी फैलने से रोकने के लिए बांस और कांटों से घेराव कराया। हालांकि सरपंच को अभी तक प्रभार नहीं मिला है, वे अपने खर्च से यह काम कर रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ पांच कुण्डीय महायज्ञ व भागवत कथा का शुभारंभ

**बाराद्वार।** 29 मार्च से 7 अप्रैल तक नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री महाविद्या श्री यंत्र प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन बाराद्वार के मां काली मंदिर के सामने में किया गया है, जिसका आगाज 29 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुआ।




शनिवार की सुबह 10 बजे बैंड बाजे के साथ आकर्षक रथ की अगुवाई में मां काली मंदिर से कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जो नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करने के पश्चात कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई, जिसके बाद घट स्थापना, वेदी पूजन कराते हुए पहले दिन की कथा में तीनों देवी द्वारा भगवती प्रस्तुति, वसिष्ठ की गौ का अपहरण, राम चरित्र, नारद जी द्वारा राम को नवरात्र व्रत का उपदेश की कथा सुनाई गई। नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री महाविद्या श्री यंत्र प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के व्यासपीठ से वृन्दावन के श्री आद्यशक्ति पीठाधीश्वर के आचार्य रुद्रदेव महाराज के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक अपनी कर्णप्रिय आवाज में श्रद्धालुओं को देवी भागवत कथा सुनायेंगे, जिसमे बाराद्वार नगर सहित आसपास से कथा प्रेमी पूछकर रोजाना भागवत कथा का श्रवण करेंगे। कलश यात्रा में बडी संख्या में नगर के भक्त और महिलाएं शामिल थी।

# सिवनी में जुआ खेलते हुए कई लोगों को पुलिस ने पकड़ा, नगदी रकम जप्त



**जांजगीर-चांपा ।** पुलिस ने ग्राम सिवनी में तालाब के पास से 12 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 52 पत्ती ताश और 22 हजार 900 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सिवनी में तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपियों से नगद और 52 पत्ती ताश जब्त**

आरोपियों से 22,900 रुपए नगद और 52 पत्ती ताश जब्त की गई। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस रेड में थाना चांपा पुलिस टीम का योगदान रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप का मार्गदर्शन भी इस कार्रवाई में रहा। मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी।

## सड़क निर्माण अधूरा, ग्रामीण परेशान

**गोधना।** ग्राम गोधना और कांसा गांव के बीच सड़क न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में कच्ची सड़क पर चलना बेहद मुश्किल होती है। बीमार और बुजुर्ग लोगों को अस्पताल ले जाना भी कठिन हो जाता है। ग्रामीण विजय अजगले ने बताया कई बार अधिकारियों से सड़क बनवाने की मांग की है, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला समूहों को किया गया पुरस्कृत

**पामगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण राज्य का मिशन विहान के तत्वाधान में शुक्रवार को महिला शक्ति संकुल संगठन बारगांव के वित्तीय वार्षिक अधिवेशन महिला शक्ति संकुल संगठन परिसर मेंऊ में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक शेषराज हरवंश रही। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीति अजय दिव्य, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला अजय साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र कुर्रे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में संगठन अंतर्गत आने सफल महिला उद्यमियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से बिहान के उद्देश्यों को बताया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूह सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। समूह के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। महिला शक्ति संकुल संगठन की अध्यक्ष रमशिला काठे, सचिव राजकुमारी दांडे के द्वारा अपने उद्बोधन में संगठन के अधीन आने वाले ग्राम पंचायत में समूह से जुड़ने के लिए शेष बचे सदस्यों को समूह में शामिल कराने अपील की गई। कोषाध्यक्ष पुष्पांजलि टंडन के द्वारा संगठन के महत्व एवं आरबीआई को सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम को विधायक जिला पंचायत सदस्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर महावीर टंडन सरपंच मेंऊ, घासीराम चौहान सरपंच कमरीद, संतोषी अजगल्ले सरपंच मेहंदी, शीला देवी रत्नाकर पूर्व सरपंच पनगांव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान शाखा जिला प्रबंधक परियोजना अधिकारी उपेन्द्र सिंह दुबे, डीएमएम रेशमलाल नामदेव, डीपीएम प्रभारी देलरी एलडीएम जिला बैंक अधिकारी डोमन गायकवाड़ समेत अन्य अधिकारी व महिलाएं मौजूद रहे।

# रायगढ़ के राम जानकी मंदिर में जलेंगे 1100 दीप,गज पर सवार होकर आ रही माता

**रायगढ़।** आज से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है। रायगढ़ के देवी मंदिरों में आस्था के दीप जलेंगे। इसके लिए मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बार देवी मां गज पर सवार होकर आ रही है।

पंडित धीरजकृष्ण शर्मा ने बताया कि इस बार अमृत योग है और माता रानी गज (हाथी) पर सवार होकर आ रही है। ऐसे में इसे काफी शुभ माना जाता है।

उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि में सर्वार्थ योग बन रहा है और पंचक समाप्त हो रहा है। इससे सुख समृद्धि और अतिवृष्टि साल भर रहेगा।

इससे यह साल अच्छा रहेगा। नवरात्रि को लेकर मंदिरों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई है और 30 मार्च से देवी मंदिरों में कलश स्थापना की जाएगी।

**विधिविधान से होगी पूजा अर्चना**

देवी मंदिरों में नवरात्र भर पूजा अर्चना के साथ भजन संध्या की जाएगी। शहर के बूढ़ी माई मंदिर की रंग रोगन के साथ उसे झालरों से सजाया गया है।

इसके अलावा बंजारी मंदिर, दुर्गा मंदिर और समलाई मंदिर में भी पूरे नौ दिनों तक विधिविधान के साथ पूजा अर्चना होगी। बंजारी मंदिर में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु काफी संख्या में दूर-दराज से पहुंचते हैं।

**राम जानकी मंदिर के पास 1100 दीप जलाए जाएंगे**

नवरात्रि में नयागंज कोष्टापारा स्थित राम जानकी मंदिर के पास दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया है। इस वर्ष लगभग 1100 दीप जलाए जाएंगे, जो कि शीतला मां मंदिर से प्रारंभ करके समलेश्वरी मंदिर, देवांगन धर्मशाला, हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर, राम



मंदिर होते हुए मां सरस्वती मंदिर के पास तक यह दीप जलाए जाएंगे।

श्री राम जानकी मंदिर के पास चना प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालु मंदिर परिसर में आकर सभी दीप जला सकते हैं या अपने घर से भी दीप जलाकर मंदिर परिसर में ला सकते हैं। दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का संचालन युवा शक्ति एक संकल्प के द्वारा किया जा रहा है।

## शिविर लगा कर किसानों की बनाई गई फार्मर आईडी

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में किसान फॉर्मर एग्रीटेक पंजीयन के लिए पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में शेष किसानों का अनिवार्य रूप से पंजीयन किया गया। शिवरीनारायण के तहसीलदार अविनाश चौहान ने कहा कि सभी किसानों को फॉर्मर एग्रीटेक योजना में पंजीयन कराना जरूरी है। इससे राज्य और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल सकेगा। किसानों की पर्चियों का पंजीयन कर पूरा डेटा एकत्र किया जा रहा है। तहसीलदार ने कहा कि जिन किसानों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे एक दिन के भीतर अनिवार्य रूप से पंजीयन करवा लें। अन्यथा शासन की योजनाओं से वंचित रह जाएंगे। शिविर में तहसीलदार अविनाश चौहान, पटवारी परवरिश टंडन, ग्राम सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू, उपसरपंच अशोक कर्ष, कोटवार सिद्धार्थ कश्यप और पंच, जन सेवा केंद्र के संचालक जगदीश कुमार पटेल मौजूद रहे।

## शिविर लगाकर नागरिकों के बनाए गए किसान कार्ड, फायदे भी बताए गए

**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा भवन में किसान कार्ड बनाने के लिए शनिवार को शिविर का आयोजन कि गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष राधिका सहगल, उपाध्यक्ष प्रीति दुबे पार्षद भवानी सिंह, मनोज साव की उपस्थिति में नगरवासियों को किसान कार्ड बनाकर दिया गया। सभी अतिथियों ने किसान कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। शिविर का कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा औचक निरीक्षण भी किया गया। कलेक्टर के द्वारा किसानों एवं नगरवासियों के सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विकास अधिकारी दुर्गेश यादव पटवारी अवधेश सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही नगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों को भी नगर के विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुई ज्योति

**चांपा।** चांपा की ज्योति सराफ को भांठापारा में श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक स्थ यात्रा महोत्सव पर चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चिन्मय अलंकरण बृहद शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन कृषि उपज मंडी रोड भांठापारा में हुआ। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित शिक्षकों को शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिषेक मोदी (मोदी फैशन शो रूम) थे। मुख्य अतिथि के रूप में शिवरत्न शर्मा (उपाध्यक्ष, भाजपा), अशोक जैन (अध्यक्ष, एन.पी.), एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे। इस कार्यक्रम के तहत श्रीमती ज्योति सराफ, व्याख्याता (वाणिज्य), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुर्दा, जिला जांजगीर-चांपा को उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षक के रूप में शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

## अनमोल वचन......

**असफलता की चिन्ता मत करो, वे बिलकुल स्वाभाविक है, वे असफलताएँ जीवन के सौन्दर्य हैं।**

# अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है। इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रेत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है। सरकार प्रायः जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुतः सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं। इन परिस्थितियों में नक्सलवादियों के लिए शायद यही श्रेष्ठ विकल्प है कि वे अपनी रणनीति बदलें और हथियार छोड़कर देश भर में व्याप्त शोषण और अन्याय के विरुद्ध वैचारिक विमर्श की रणनीति अपनाएं। इससे हो सकता है कि मौजूदा राजनीति को शोषण को समझने और उससे निपटने के लिए एक अधिक प्रभावी दृष्टि उपलब्ध हो।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आज आपको कुछ सम्मानित लोगों का स्नेह मिलेगा। जीवन में चल रही उलझनों से आज छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें। बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट में पहले से चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके विश्वास न करें। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखने की जरूरत है, समय से दवाई दे। लेखनों की किताब पब्लिश हो सकती है, जिसको लोगों के द्वारा काफी पसंद किया जाएगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आप प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके बिजनेस में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी।

**तुला राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। आज आप परिवार को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से शांति महसूस करेंगे। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके काम से लोग प्रभावित होकर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट होगा। आज अपने व्यस्तता से भरे माहौल से थोड़ा समय निकालकर अपने लिए परिवार के लिए निकालेंगे तो खुशियां बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर किसी मेहमान के आने से खुशियां ही खुशियां होंगी। लेकिन किसी काम को कुछ देर तक के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। आज किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अपने गुस्से को नियंत्रित करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। इस राशि के जो लोग ट्रांसपोर्ट का काम करते है, उनको आज ज्यादा लाभ होगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति से कुछ नया सीखेंगे, लोगों के लिए आज आपका रवैया अच्छा रहेगा। किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। आपको किसी बड़ी परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज अपनी पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचेंगे तो आप किसी बड़ी परेशानी से बच जाएंगे।

# सहकारिता की एक नई उड़ानः सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता विश्वविद्यालय के साथ विकास का एक नया युग

//डॉ. उदय शंकर अवस्थी //

**भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।**

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए व्यापार करने में आसानी, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व

माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं।

* ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम।

* प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना।

* राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है।

सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)।

भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण ।

प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)।

* जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम।

* बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि।

* सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना।

जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है।

**सहकारिता क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां**

सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है।

सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा।

**कृषि में इफको का क्रांतिकारी योगदान**

इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है । उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं।

खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है।

वैश्विक सहकारी आंदोलन में इफको का नेतृत्व लगातार बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के सदस्य के रूप में, इफको वैश्विक सहकारी नीतियों को आकार देने में सक्रिय रूप से योगदान देता है। इस आयोजन ने सहकारी उन्नति में भारत के नेतृत्व को सुदृढ़ किया तथा वैश्विक सहकारी नेताओं के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाया।

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय : सहकारी विकास का उत्प्रेरक

सहकारी क्षेत्र में विकास का सबसे उल्लेखनीय विचार, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना रहा है। इस विश्वविद्यालय की परिकल्पना सहकारी शिक्षा, अनुसंधान और नेतृत्व विकास को समर्पित एक प्रमुख संस्थान के रूप में की गई है। इसका उद्देश्य सहकारी प्रशासन को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए सहकारी नेताओं को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है । विशिष्ट प्रशिक्षण, शैक्षणिक कार्यक्रम और अनुसंधान के अवसर प्रदान करके, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय भारत के सहकारी आंदोलन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह विश्वविद्यालय नवाचार, नए सहकारी व्यापार मॉडल तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के केंद्र के रूप में भी काम करेगा।

यह विश्वविद्यालय कृषि, मत्स्य पालन, डेयरी, बैंकिंग और विपणन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तकनीकी और प्रबंधकीय शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा, विश्वविद्यालय छात्रों, सहकारी समितियों के सदस्यों और उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार करेगा। इस पहल से कौशल विकास और जागरूकता को बढ़ावा देकर सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और अंततः अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास और प्रगति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा परिसीमन

//अरविंद कुमार सिंह//

**दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से 2026 के परिसीमन को लेकर आरंभ हुआ विरोध अब देशव्यापी रूप लेने लगा है। संसद भवन परिसर में 20 मार्च को डीएमके सांसदों ने परिसीमन मुद्दे पर विरोध प्रदशर्न किया और उनको अन्य कई विपक्षी दलों का साथ मिला है। दक्षिणी राज्यों की ओर से मांग उठ रही है कि परिसीमन 2026 की जगह 2031 में कराया जाना चाहिए।**

फिलहाल जो तस्वीर दिख रही है, उससे लगता है कि परिसीमन को लेकर उठ रहा सवाल भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा और इसमें दक्षिण ही नहीं, कई अन्य प्रांतों की ओर से भी सवाल उठेंगे जिन्होंने जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया है। पर परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों में चिंताएं बाकी प्रांतों से अलग हैं। उनको लगता है कि अगर केवल जनसंख्या को आधार बना पर परिसीमन होगा तो उनकी राजनीतिक शक्तियां सीमित होंगी। उत्तर भारत के वे प्रांत और प्रभावी होंगे जो जनसंख्या में अव्वल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82, 170, 330 और 332 के तहत लोक सभा, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को प्रशासित किया जाता है। संविधान में व्यवस्था है कि हर 10 वर्ष पर जनगणना और उससे हासिल आंकड़ों के आधार पर एक दशक में परिसीमन होगा। 1951 से लेकर 1971 के दशक में ऐसा होता रहा। 2001 में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुनः निर्धारण हुआ पर लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की कुल संख्या अपरिवर्तित रही, क्योंकि तब भी दक्षिणी राज्यों का मुखर विरोध सामने आया था। अटलजी के प्रधानमंत्रीकाल में 2001 में तय किया गया कि 2026 तक सीटें नहीं बढ़ेंगी। इस तरह देखें तो मौजूदा सीटें 1971 के आधार पर निर्धारित हैं, जब देश की आबादी केवल 54 करोड़ थी, लेकिन उसमें भी राज्य स्तर पर बहुत सी भिन्नताएं पाई गई हैं। उत्तर प्रदेश को तब भी अधिक प्रतिनिधित्व मिला था जबकि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और केरल से लेकर हरियाणा तक को निम्न प्रतिनिधित्व मिला था। उस दौरान बाद में जब परिसीमन 25 सालों के लिए रोक दिया गया तो परिकल्पना थी कि 2026 तक उत्तर भारतीय राज्य आबादी पर प्रभावी नियंत्रण कर लेंगे। लेकिन हुआ उलटा। दक्षिणी राज्यों ने आबादी पर प्रभावी नियंत्रण किया और यहां तक कि कुछ की जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक तक हो गई। पर उत्तरी राज्यों में आबादी में बेलगाम वृद्धि हुई। अब तक 2021 की जनगणना भी नहीं हो सकी है, लिहाजा परिसीमन के लिए 2011 का आधार भी बने तो भी दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा। अभी जो मोटे आंकड़े सामने आ रहे हैं उनके हिसाब से परिसीमन होने पर मौजूदा लोक सभा की 543 सीटों में 200 और इजाफा होगा। कुल 750 सीटें में उत्तर के हिस्से में कुल 400 सीटें हो जाएंगी, जबकि मौजूदा दक्षिण भारत की 129 सीटों में महज 10 से 12 की वृद्धि हो सकेगी। लोक सभा की सीटें अगर 888 होंगी तो सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को ही मिलेगा, जो पहले से ही देश का भाग्यविधाता राज्य बना हुआ है।

अगर पैमाना 2026 की आबादी का आंकड़ा हो तो उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़ कर 143 हो जाएंगी जबकि बिहार की 79, महाराष्ट्र की 76, कर्नाटक की 41, तमिलनाडु में 49। आलम यह होगा कि केरल की एक भी सीट नहीं बढ़ेगी। इसलिए तमिलनाडु राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन ने मुख्यमंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं की 22 मार्च को बैठक बुलाई है जिसमें कई दलों के नेताओं का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने पहले भी प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का विरोध करने हुए राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रमुख दलों के नेताओं से समर्थन मांगा है। इसके पहले इसी माह चेन्नई में सर्वदलीय बैठक में बहुत से सवालों पर मंथन हुआ। 2026 तक देश की आबादी 142 करोड़ होगी। उस हिसाब से विभिन्न राज्यों में सीटों की कैसी वृद्धि होती है, यह भविष्य का सवाल है। पर सबसे अधिक फायदा उत्तर प्रदेश को होगा। फिर भी मोदी सरकार ने नये संसद भवन में सांसदों को बैठने के लिए लोक सभा चैंबर में 888 और राज्य सभा में 384 सीटों को भविष्य के हिसाब तैयार करा दिया है। पुराने भवन में लोक सभा चैंबर में 545 और राज्य सभा में 245 सीटें थीं। संविधान के तहत तहत 17 अप्रैल, 1952 को जब पहली लोक सभा का विधिवत गठन हुआ था तब सांसदों की संख्या 499 थी। सातवें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत तब सांसदों की अधिकतम संख्या उस दौरान पांच सौ तय हुई थी जो 31वें संविधान संशोधन 1973 में बढ़ा कर 525 हुई। फिर गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन के बाद 530 हुई। फिलहाल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 543 लोक सभा सांसद हैं। राज्य सभा सांसदों की संख्या 1952 में 204 तय हुई थी जो 1966 में बढ़ कर 228 और 1987 में 233 होते हुए फिलहाल 245 है। इसमें 12 सासंद राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत हैं।

अब सवाल कई हैं। जैसे सरकार किस साल की जनगणना को आधार बना कर सीटों का परिसीमन कराएगी। परिसीमन आयोग इसके लिए बनाना होगा जो तय मानकों के हिसाब से सीटों की संख्या का राज्यवार निर्धारण करेगा, जिसकी संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से संसद के दोनों सदनो में दो तिहाई के बहुमत के साथ मंजूरी दिलानी होगी। 2023 में भावी परिसीमन को लेकर लोक सभा में कुछ सवाल उठे थे जिसका सरकार ने गोल मोल जवाब दिया था। संख्या या आयोग के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई थी। मई, 2023 में एम के स्टालिन ने 20 दलों को एक साथ जुटा कर जातिगत जनगणना के पक्ष में काफी माहौल बनाया था। 2024 के लोक सभा चुनाव में सामाजिक न्याय का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस बार परिसीमन का मुद्दा अहम बनने जा रहा है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फरवरी में ही कह चुके हैं कि दक्षिणी राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा, पर सरकार अभी तक किसी ठोस प्रस्ताव तक नहीं पहुंची है। इस कारण बहुत से मुद्दे अभी उठेंगे और राजनीति गरमाएगी।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य रोड शो में शामिल हुए।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में बैंक ऑडिट और एआई पर आईसीएआई की राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान एक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को नई दिल्ली में बैंक ऑडिट और एआई पर आईसीएआई की राष्ट्रीय कार्यशाला में सम्मानित किया गया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री साहिब सिंह और पार्टी सांसद योगेंद्र चंदोलिया का पुरी में उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड में निर्वाचित प्रतिनिधियों, नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत की, प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की और क्षेत्र के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भुवनेश्वर के लोक सेवा भवन में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का तुलजापुर, धाराशिव पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



# पेंड्रा में नदी में गिरी बोलेरो, महिला समेत दो की मौत और सात घायल

## पीएम मोदी की सभा में होने जा रहे थे शामिल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** पेंड्रा में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ ताराबहरा के रहने वाले भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओ से भरी बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सोन नदी से नीचे गिर गई। इस दौरान नदी के पुल से फूलों को विसर्जित कर रही एक महिला भी बोलेरो की चपेट में आ गई। हादसे में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, बोलेरो में बैठे अन्य सात लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिलासपुर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होने वाली है। बोलेरो सवार सभी लोग सभा में शामिल होने के लिए निकले थे। बोलेरो पेंड्रा के सोन नदी के पास पहुंची ही, तभी अचानक बोलरो चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और बोलेरो सीधे सोन नदी से नीचे जा गिरी। इस दौरान पास के गांव पंडरीखार की रहने वाली रमिता बाई, जो फूल विसर्जित करने के लिए नदी आईं थी और नदी के ऊपर खड़े होकर फूल विसर्जित कर रहीं थी, वह भी बोलेरो की चपेट में आ गईं। बोलोरो में सवार सात लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल 112, 108 की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर सहित जिले के आलाधिकारियों ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

## दीक्षाभूमि से पीएम मोदी का संदेश





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी संघ के स्मृति मंदिर गए। यहां से उन्होंने दीक्षाभूमि पहुंचकर डॉ. बीआर आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। यहां डॉ. आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपना लिया था। पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे।पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि एक ÷विकसित और समावेशी भारत÷ का निर्माण करना ही भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नागपुर दौरे के दौरान पीएम मोदी ने दीक्षाभूमि पर डॉ. बी.आर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां अंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था।वे दीक्षाभूमि के स्तूप के अंदर गए और वहां रखी अंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की डायरी में हिंदी में लिखे अपने संदेश में मोदी ने कहा, मैं अभिभूत हूं कि मुझे नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के पांच पंचतीर्थ में से एक दीक्षाभूमि पर जाने का अवसर मिला। उन्होंने आगे लिखा, यहां के पवित्र वातावरण में कोई भी बाबासाहेब के सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को महसूस कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि दीक्षाभूमि लोगों को गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए समान अधिकारों और न्याय की व्यवस्था के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इस अमृत कालखंड में हम बाबासाहेब अंबेडकर के मूल्यों और शिक्षाओं के साथ देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। एक विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# पुतिन की कार में भीषण विस्फोट कौन था सवार... अभी खुलासा नहीं



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले में शामिल एक कार में भीषण धमाके के बाद आग लग गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा बलों ने आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। घटना सेंट्रल मॉस्को की बताई जा रही है। जिस कार में आग लगी है उसका नाम ऑरस लिमोसिन है। इस कार का निर्माण रूस में होता है। धूं-धूं कर जलती कार का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को के लुब्यंका में एफएसबी गुप्त सेवा मुख्यालय के नजदीक कार में आग लगी है। अभी तक अधिकारियों ने यह जानकारी नहीं दी है कि कार में कौन सवार था, आग लगने की वजह क्या है। अभी तक किसी के घायल होने की भी सूचना नहीं है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि आग कार के इंजन में लगी है।

# गृह मंत्री अमित ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन, गोपालगंज में भी कार्यक्रम



**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव की असल तैयारी आज से शुरू हो रही है। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने अपनी पार्टी को स्पष्ट संदेश दे दिया था। अब वह एनडीए के नेताओं के बीच बिहार चुनाव की तैयारियों पर बात करेंगे। शाह शनिवार की शाम बिहार आए थे और भाजपा नेताओं के बाद पार्टी की कोर कमिटी से वार्ता की थी। आज, रविवार को वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के नेताओं से बात करेंगे। पटना और गोपालगंज के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वह सीएम आवास जाएंगे।

# औरंगजेब पर नहीं थम रहा विवाद, अब मौलाना तौकीर ने राणा सांगा को बताया गद्दार, संभल सीओ के खिलाफ देंगे धरना



**बरेली।** संभल में सीओ अनुज चौधरी की सख्ती और तीखे बयान इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां को अखर गए। शनिवार को मौलाना ने कहा कि ईद के बाद मुस्लिम सांसदों के साथ संभल जाकर सीओ व अन्य अधिकारियों को हटाने के लिए धरना देंगे। हालांकि, उन्होंने इसकी तारीख नहीं बताई।देश में मुगल शासक औरंगजेब पर छिड़ी बहस का सहारा लेकर मौलाना ने वीर योद्धा राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी कर दी कि वह देश के गद्दार थे। मौलाना ने वीर सावरकर के लिए कहा कि वह अंग्रेजों से 60 रुपये वजीफा लेकर देश को बेच रहे थे। अपने आवास पर प्रेसवार्ता में मौलाना तौकीर ने कहा कि सरकार मुस्लिमों के विरुद्ध है। मुख्यमंत्रियों में मुस्लिमों को प्रताड़ित करने की होड़ मची है ताकि वे बता सकें कि कौन सबसे बड़ा हिंदू है। संभल और नागपुर में हमारे लोगों को मारा। जेल में डाला गया। इसे ध्यान में रखते हुए ईद पर नए कपड़े नहीं पहनेंगे। संभल के सीओ अपनी कार्यशैली से देश का माहौल खराब कर रहे हैं। इसलिए वहां धरना देने जाएंगे।

# नेपाल के रास्ते घुसपैठ की फिराक में बांग्लादेशी

**नेपाल।** नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से घुसने की कोशिशें तेज हो गई हैं। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिक टूरिस्ट वीजा का दुरुपयोग कर नेपाल में दाखिल हो रहे हैं और वहां से भारत में घुसपैठ करने की साजिश रच रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा खुली होने के कारण यह रूट अवैध प्रवास और तस्करी के लिए संवेदनशील बन गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस खतरे को भांपते हुए निगरानी बढ़ा दी है। हाल ही में सुरक्षा एजेंसियों ने नेपाल के काठमांडू, पोखरा और सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के जरिए नेपाल में प्रवेश कर रहे हैं और वहां से भारतीय सीमा पार करने की फिराक में हैं। एक बार भारत में घुसने के बाद ये लोग बड़े शहरों तक पहुंच जाते हैं, जिससे सुरक्षा को खतरा बढ़ जाता है। खुफिया एजेंसियां सतर्क, सीमा पर बढ़ी चौकसी भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने चौकसी बढ़ा दी है। हर आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। विशेष रूप से टूरिस्ट वीजा पर नेपाल जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। नेपाल प्रशासन से भी इस मुद्दे पर चर्चा की जा रही है ताकि अवैध घुसपैठ की कोशिशों को रोका जा सके।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर रहेंगे 50 हेल्थ एटीएम, स्क्रीनिंग प्वाइंट पर भी होगी जांच



**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की जांच के लिए 50 हेल्थ एटीएम संचालित करेगा। ये एटीएम विभाग को वर्ष 2023 में सीएसआर के तहत प्राप्त हुए थे। अब इनका रखरखाव व संचालन स्वयं स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर स्क्रीनिंग प्वाइंट भी बनाए जा रहे हैं, जहां यात्रियों के ब्लड प्रेशर, शुगर व आक्सीजन लेवल आदि की जांच की जाएगी। प्रदेश में इस वर्ष 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रियों के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी की गई है तो यात्रा मार्गों पर चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर तकरीबन 50 हेल्थ एटीएम भी सक्रिय किए जाएंगे।इन हेल्थ एटीएम में 70 से अधिक परीक्षण की सुविधा है। इससे बेसिक कार्डियोलाजी, न्यूरोलाजी, पल्मोनरी टेस्टिंग, गायनोक्लाजी, बेसिक लैबोरेटरी टेस्टिंग करा सकते हैं। इनमें पल्स रेटिंग, बीपी, आक्सीजन, ब्लड शुगर जैसे प्राथमिक जांच शामिल हैं। हेल्थ एटीएम से कम समय में जांच संभव है और रिपोर्ट भी बहुत कम समय में मिल जाती है। साथ ही यहब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में आक्सीजन की मात्रा, बाडीमास इंडेक्स, मेटाबालिक एज, बाडीफैट, डिहाइड्रेशन, पल्स रेट, मसल मास आदि की जांच भी कर सकता है।

# पीयू छात्रसंघ चुनाव में पहली बार लड़कियों का दबदबा, एबीवीपी की मैथिली मृणालिनी बनी अध्यक्ष




**पटना, 30 मार्च [एजेंसी]।**

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर एबीवीपी ने जीत दर्ज की है। हालांकि, सेंट्रल पैनल के अन्य चार पदों के लिए हुए चुनाव में एबीवीपी को हार का सामना करना पड़ा। दो पदों पर एनएसयूआइ और दो पदों पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मैथिली मृणालिनी पीयू छात्रसंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने वाली पहली महिला प्रत्याशी हैं। मैथिली को 3524 वोट मिले। वहीं, दूसरे स्थान पर एनएसयूआइ के मनोरंजन कुमार राजा रहे। मनोरंजन को 2921 वोट मिले। शनिवार को ही दिन में इसके लिए मत डाले गए थे।

# फोरलेन पर चार पहिया वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत और एक गंभीर

**गोरखपुर।** दाह संस्कार से लौट रहे बाइक सवार तीन लोग एकला बांध पर बेतउआ गांव के सामने चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए।इस दुर्घटना में बाइक सवार 50 वर्षीय जलधारी निषाद व धर्मपाल निषाद की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 55 वर्षीय राम वचन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे गीडा थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दुर्घटना में मरने वाले और घायल होने वाले व्यक्ति एक ही गांव के हैं। खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तालनवर की रहने वाली महिला की शनिवार को मृत्यु हो गई थी।दाह संस्कार के लिए राप्ती नदी के तट किनारे गए थे। दाह संस्कार के बाद शनिवार की रात आठ बजे के करीब एक ही बाइक से ताल नवर के गांव के हरहरवा टोला पर रहने वाले 50 वर्षीय जलधारी निषाद, धर्मपाल निषाद व 55 वर्षीय राम बचन यादव एक ही बाइक से लौट रहे थे। गीडा थाना क्षेत्र में बेतउआ गांव के सामने फोरलेन पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आए चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। हादसे में जलधारी और धर्मपाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई, गंभीर रूप से घायल राम बचन यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वजन ने बताया कि राम बचन बाहर रहकर पेंट पालिश का काम करते हैं। दो माह पहले घर आए थे।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता मनसा देवी मंदिर में उमड़े भक्त



**पंचकूला।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पंचकूला के शक्तिपीठ माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही माता के दर्शन के लिए भक्त लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आए। माता के जयकारों के बीच श्रद्धालु प्रथम नवरात्रि पर अपने आराध्य के चरणों में माथा टेकने पहुंचे। इस मौके पर मंदिर में चैत्र नवरात्रि मेले का आयोजन भी किया गया, जिसने उत्साह को और बढ़ा दिया। मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। हर कोई माता मनसा देवी के आशीर्वाद लेने को बेताब दिखा। मेले के दौरान माहौल भक्ति और उत्सव से भरा हुआ था। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पंचकूला पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में 837 जवानों को तैनात किया है, ताकि किसी भी तरह की परेशानी न हो। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस दिन-रात मुस्तैद है। माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड ने भी इस बार खास तैयारियां की हैं। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें दर्शन करने में कोई दिक्कत न हो।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि इन श्रद्धालुओं के लिए अलग से लाइन और सहायता की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, इस बार प्रसाद में नई पहल की गई है। श्रद्धालुओं को मिश्री के साथ-साथ ड्राई फ्रूट का प्रसाद भी वितरित किया जा रहा है, जिसे भक्तों ने सराहा।मंदिर में सुबह से शाम तक भक्ति का माहौल बना रहा। भक्तों ने माता के सामने अपनी मनोकामनाएं रखीं और आशीर्वाद मांगा। एक श्रद्धालु ने कहा, हर साल नवरात्रि पर माता के दर्शन करने का मौका मिलता है। इस बार भी माता के दरबार में आकर मन को शांति मिली। मेले में दुकानों और स्टॉलों की भी रौनक रही, जहां लोग पूजा सामग्री और खाने-पीने की चीजें खरीदते नजर आए।

# अमेरिका में फिर दिल दहला देने वाला हादसा उड़ान भरने के बाद एक घर में जा घुसा विमान



**ब्रुकलिन पार्क।** अमेरिका में एक बार फिर विमान हादसे ने सभी को सदमे में डाल दिया है। यहां आयोवा से मिनेसोटा जा रहा एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक की मौत होने की खबर है। घटना शनिवार को मिनियापोलिस के उपनगर ब्रुकलिन पार्क में हुई। शहर के एक अधिकारी ने इस बारे जानकारी दी। ब्रुकलिन पार्क के प्रवक्ता रिसिकत अदेसाओगुन ने बताया कि घर में रहने वाले लोगों को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन घर जलकर खाक हो गया है। संघीय उड्डयन प्रशासन ने एक बयान में कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि सिंगल-इंजन वाले सोकाटा टीबीएम7 में कितने लोग सवार थे। एजेंसी ने बताया कि विमान डेस मोइनेस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। उसका गंतव्य अनोका काउंटी-ब्लेन हवाई अड्डा था। यह मिनियापोलिस के दूसरे उपनगर में स्थित है।

# आज से उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ेगी गर्मी, कश्मीर से कर्नाटक और लद्दाख से पुडुचेरी तक हल्की बारिश



**नई दिल्ली।** पिछले दो दिनों से उत्तर भारत में तेज सहती हवाएं चलने से मौसम में नमी आ गई है, लेकिन रविवार से उत्तर पश्चिम भारत में फिर गर्मी बढ़ेगी और अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। उत्तर पश्चिम भारत में शनिवार को भी अधिकतम 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत के मेघालय और दक्षिण के केरल तक कुछ स्थानों पर हल्की व मध्यम बारिश हुई। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में बादल छाए रहे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटे के दौरान अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ स्थानों पर भी वर्षा दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम, मेघालय, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। अरुणाचल प्रदेश के अंजा जिले के ह्युलियांग में छह सेमी, दिबांग घाटी के अनिनी में तीन सेमी और केरल के पथानामथिट्टा में दो सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। एक और दो अप्रैल को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में गरज के साथ ओलावृष्टि भी होने की संभावना है। इन राज्यों में 30-60 किमी तक प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन दिन तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, अगले 3 दिनों के दौरान मध्य भारत में अधिकतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा और उसके बाद के दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट और उसके बाद के 2-5 दिनों में 4-6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। महाराष्ट्र में दो दिन बाद अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। वहीं, गुजरात में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में रविवार को भी लू चलने की संभावना है। राज्य में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर बना हुआ है। अगले दो से तीन दिन भी अधिकतम तापमान के सामान्य से 3-5 डिग्री अधिक रहने की संभावना है।

# क्या इस्तीफा देंगे एलन मस्क, ऑस्ट्रेलिया से अमेरिका तक क्यों हो रहा विरोध, निशाने पर टेस्ला

**वाशिंगटन, 30 मार्च [एजेंसी]।**



अमेरिकी सरकार में एलन मस्क के दखल के खिलाफ दुनियाभर में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सैकड़ों टेस्ला शोरूम के बाहर लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि अमेरिकी सरकार के संवेदनशील डाटा तक एलन मस्क की पहुंच बेहद खतरनाक है। प्रदर्शनकारी ट्रंप प्रशासन में मस्क की भूमिका का विरोध कर रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि एलन मस्क मई के अंत तक दक्षता विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे सकते हैं।अमेरिका समेत यूरोप के कई देशों में लोगों ने टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली। लोगों का आरोप है कि एलन मस्क अमेरिकी सरकार को खत्म करने में जुटे हैं। प्रदर्शनकारियों ने लोगों से तीन बड़ी अपील की हैं। लोग नारे लगा रहे हैं कि टेस्ला को रोकना, मस्क को नुकसान पहुंचाना है। मस्क को रोकना जीवन और लोकतंत्र को बचाना है। अमेरिका में 277 टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली गई।वहीं दुनियाभर में 200 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन देखने को मिले। यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया से यूके तक फैले हैं। शनिवार को जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड, फिनलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, यूके और ऑस्ट्रेलिया में लोगों ने एलन मस्क और टेस्ला के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर भड़ास निकाली।पहले लिफोर्निया के सैन जोस में टेस्ला का मुख्यालय था। अब टेक्सास के ऑस्टिन में नया मुख्यालय बनाया गया है। प्रदर्शनकारियों ने इन दोनों ही जगह अपना विरोध दर्ज कराया।एलन मस्क मौजूदा समय में अमेरिकी सरकार में दक्षता विभाग के प्रमुख हैं। नौकरियों में छंटनी और खर्च में कटौती की जिम्मेदारी उन्हीं को मिली है। मगर संवेदनशील डाटा तक मस्क की पहुंच का लोग विरोध कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में टेस्ला कार के असंतुष्ट मालिक, मशहूर हस्तियों और एक डेमोक्रेटिक सांसद समेत बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन का उद्देश्य मस्क पर अपने सरकारी पद से इस्तीफा देने का दबाव बनाना है।

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी मैनहट्टन टेस्ला स्टोर के सामने इकट्ठा हुए और मस्क के इस्तीफे की मांग की। टेस्ला की बिक्री में गिरावट के बीच जारी इन प्रदर्शनों ने एलन मस्क की चिंता बढ़ा दी है। प्रदर्शनकारी प्लैनेट ओवर प्रॉफिट के पर्यावरणविदों की अपील पर जुटे। इनका मानना है कि मस्क को रोकने से लोगों की जान बचेगी और हमारा लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा।

# युद्ध विराम पर राजी हुआ हमास, मिस्र के प्रस्ताव को दी मंजूरी, बंधकों की रिहाई पर बनी सहमति

**काहिरा, 30 मार्च [एजेंसी]।**



हमास ने मिस्र के युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। मिस्र ने दो दिन पहले ही यह प्रस्ताव सौंपा था। नए प्रस्ताव में हमास 5 बंधकों को रिहा करेगा। सीएनएन ने हमास के एक सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर यह रिपोर्ट छापी है। मिस्र का नया प्रस्ताव अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव से मेल खाता है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमास शवों को सौंपेगा या नहीं।गाजा में हमास के प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को एक बयान में कहा, अपने लोगों और परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, हमने युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सभी प्रस्तावों पर जिम्मेदारी और सकारात्मक रूप से काम किया है। दिन पहले, हमें अपने मध्यस्थ भाइयों से एक प्रस्ताव मिला। हमने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे मंजूरी दे दी। शनिवार रात को इजरायल ने पुष्टि की है कि उसे गाजा में संघर्ष विराम के लिए एक नया प्रस्ताव मिला है। हमने मध्यस्थता करने वाले देशों को एक जवाबी प्रस्ताव भेजा है। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार जवाबी प्रस्ताव अमेरिका के साथ पूरी तरह से समन्वय के बाद भेजा गया है। इजरायल के सरकारी कान टीवी न्यूज ने कहा कि प्रस्तावित शर्तों के तहत हमास गाजा में 50 दिनों के युद्ध विराम के बदले में अपने कब्जे से 59 बंधकों में से कुछ को रिहा करेगा।

# नवरात्रि के पहले दिन की जा रही मां शैलपुत्री की पूजा, कलश स्थापना का मुहूर्त



आज यानी की 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि के महापर्व की शुरूआत हो रही है। यह पर्व रामनवमी तक चलेगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि पर मां दुर्गा का पृथ्वी पर आगमन होता है। नवरात्रि के पहले दिन विशेष मुहूर्त पर पूजा की जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कलश स्थापना से लेकर पूजा विधि तक के बारे में बताने जा रहे हैं।

**मां शैलपुत्री की पूजा**

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री मानी जाती हैं। मां शैलपुत्री को भक्तों के कष्ट हरने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। इनकी पूजा से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और स्थिरता आती है।

**कलश स्थापना का मुहूर्त**

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना यानी की घटस्थापना की जाती है। घटस्थापना का पहला मुहूर्त सुबह 06.15 मिनट से लेकर सुबह 10.22 मिनट तक है। यानी की इस दौरान कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 4.08 मिनट की है। वहीं दोपहर में 12.01 मिनट से लेकर दोपहर 12.50 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है। यह समय भी कलश स्थापना के लिए शुभ माना जाता है।

**पूजा विधि**

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि कर साफ-सुथरे कपड़े पहनें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति को स्थापित करें। इसके बाद पूरे विधि-विधान से कलश स्थापना करें और मां शैलपुत्री का ध्यान कर मंत्र जाप करें। फिर षोड्शोपचार विधि से मां दुर्गा के पहले स्वरूप में शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करें। इसके बाद मां शैलपुत्री को कुमकुम, अक्षत, फल, सफेद फूल और धूप-दीप अर्पित करें। फिर लौंग, नारियल, पान-सुपारी और श्रृंगार का सामान अर्पित करें। इसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और पूजा के अंत में आरती करें और पूजा में होने वाली गलतियों के लिए क्षमायाचना करें।

मंत्र

शं शैलपुत्री देव्यै नमः

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।

जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै

## मां शैलपुत्री की इस कथा पढ़ने से पूरी होगी हर इच्छा



आज 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और नवरात्रि का पहला मां शैलपुत्री को समर्पित है। इस दिन इनका विधि-विधान से पूजन किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मां शैलपुत्री के माथे पर अर्धचंद्र सुशोभित है और कहा जाता है कि यदि इनका पूजन विधि-विधान के साथ किया जाए तो व्यक्ति की कुंडली में मौजूद चंद्र दोष दूर होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही पूजा आरंभ की जाती है और दुर्गा चालीसा के पाठ के बाद पूजा सम्पन्न होती है। इस दिन मां शैलपुत्री की कथा अवश्य पढ़नी चाहिए, इससे मां प्रसन्न होती हैं और भक्तों को अपना आशीर्वाद देती हैं।

**मां शैलपुत्री की व्रत कथा**

पौराणिक कथाओं के अनुसार मां शैलपुत्री का दूसरा नाम सती भी है। एक बार प्रजापति दक्ष ने यज्ञ का निर्णय लिया इस यज्ञ में सभी देवी देवताओं को निमंत्रण भेजा लेकिन भगवान शिव को निमंत्रण नहीं भेजा। देवी सती को उम्मीद थी कि उनके पास भी निमंत्रण जरूर आएगा लेकिन निमंत्रण न आने पर वे दुखी हो गईं। वह अपने पिता के यज्ञ में जाना चाहती थीं लेकिन भगवान शिव ने उन्हें साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई निमंत्रण नहीं आया है तो वहां जाना उचित नहीं। लेकिन जब सती ने ज्यादा बार आग्रह किया तो शिव को भी अनुमति देनी पड़ी। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में पहुंचकर सती को अपमान महसूस हुआ, सब लोगों ने उनसे मुंह फेर लिया। केवल उनकी माता ने उन्हें स्नेह से गले लगाया। वहीं उनकी बहने उपहास उड़ा रही थीं और भोलेनाथ को भी तिरस्कृत कर रही थीं। खुद प्रजापति दक्ष भी माता सती का अपमान कर रहे थे। इस प्रकार का अपमान सहन ना करने पर सती अग्नि में कूद गई और अपने प्राण त्याग दिए।

जैसे ही भगवान शिव को इस बात का पता चला कि क्रोधित हो गए और पूरे यज्ञ को ध्वस्त कर दिया। उसके बाद सती ने हिमालय के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। जहां उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। कहते हैं मां शैलपुत्री काशी नगर वाराणसी में वास करती हैं।

**मां की पहली नवरात्रि पर मां शैलपुत्री का पूजन कैसे करें-**

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाता है और इस दिन पूजा की शुरुआत कलश स्थापना के साथ की जाती है। इसके लिए सुबह उठकर स्नान आदि करें और मंदिर को सजाएं। फिर कलश स्थापन करें और मां दुर्गा का पूजर आरंभ करें। मां दुर्गा को सिंदूर का तिलक लगाएं और लाल रंग के पुष्प अर्पित करें। इसके बाद फल व मिठाई अर्पित करें और उनके समक्ष घी का दीपक जलाएं। फिर आरती करें और दुर्गा चालीसा पढ़ें। इसके बाद दिन भर व्रत रखें और रात का पूजा करने के बाद व्रत खोलें।

## व्रत के बिना भी पूजा का ऐसे प्राप्त करें फल

यह हिंदू कैलेंडर के अनुसार वर्ष का पहला बड़ा धार्मिक पर्व है, जो चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इस 9 दिनों के पर्व में, मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भक्त इस दौरान उपवास रखते हैं, व्रत करते हैं और विशेष पूजा, हवन, अनुष्ठान, जागरण, भजन-कीर्तन का आयोजन करते हैं।



लेकिन कुछ लोग किसी कारणवश व्रत नहीं रख पाते। ऐसे में वे सोचते हैं कि पूजा कैसे करें। अगर आप भी व्रत नहीं रख पा रहे हैं, तो परेशान न हों। आप कुछ खास काम करके भी मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

**कलश स्थापना करें**- नवरात्रि के पहले दिन, घर में कलश स्थापित करें। कलश को साफ और पवित्र स्थान पर रखें। कलश में जल, सुपारी, दूब घास और फूल रखें। कलश स्थापना के समय मां दुर्गा का ध्यान करें। अखंड ज्योति जलाएंः घर में अखंड ज्योति जलाकर उसे लगातार 9 दिनों तक जलते रहने दें। इससे घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

**पूजन विधि**- रोज सुबह और शाम को मां दुर्गा के चित्र या मूर्ति के सामने दीपक लगाकर पूजा करें। ताजे फूल, फल और प्रसाद चढ़ाएं। इस दौरान ? दुं दुर्गायै नमः या जय माता दी का जाप करें।

**चालीसा और सप्तशती का पाठ करें**- यदि व्रत नहीं रख पा रहे हैं, तो आप मां दुर्गा का ध्यान करें और दुर्गा चालीसा और सप्तशती का पाठ करें।

नौ दिनों तक जागरण करेंः अगर व्रत नहीं रख सकते, तो नौ दिनों तक रात में मां दुर्गा के भजन सुनें या परिवार के साथ मिलकर जागरण करें।

**प्रसाद बांटें**-पूजा के बाद, घर के सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण करें। यह मां दुर्गा की कृपा पाने का एक तरीका है।


इन मुहूर्तों में आप विधिपूर्वक घटस्थापना कर सकते हैं और मां दुर्गा की पूजा की शुरुआत कर सकते हैं।

## बंगाल के इन प्रसिद्ध देवी मंदिर का दर्शन करें



**कालीघाट काली मंदिर**

कोलकाता में स्थित कालीघाट मंदिर बेहद ही प्रसिद्ध और पवित्र मंदिरों में से एक है। यह मंदिर काली देवी के रुप को समर्पित है। इस मंदिर को 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर काली देवी सती के दाहिने पैर की उंगालियां गिरी थी। चैत्र की नवरात्रि पर यहां काफी भीड़ होती है।



**दक्षिणेश्वर काली मंदिर**

पश्चिम बंगाल में दक्षिणेश्वर काली मंदिर काफ़ी फेमस है। यह मां दुर्गा के नौ स्वरुपों में से एक देवी काली को समर्पित है। इस मंदिर में आध्यात्मिक माहौल के लिए काफी प्रसिद्ध है। दक्षिणेश्वर काली मंदिर में लाखों श्रृद्धालु आते हैं।



**किरीटेश्वरी मंदिर**

अगर आप पश्चिम बंगाल जा रहे हैं, तो किरीटेश्वरी मंदिर का दर्शन जरुर करें। किरीटेश्वरी मंदिर को 51 शक्तिपीठों में एक माना जाता है। बता दें कि, यह प्रसिद्ध मंदिर हुगली नदी किनारे पर स्थित है। यहां मां किरीटेश्वरी के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी होती है।

# चेटी चंड क्यों मनाते हैं जानें महत्व

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भारत के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं. जैसे महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा , दक्षिण भारत में उगादी (, हिंदूओं का पहला साल भी इस दिन से शुरू होता है.

ये पर्व भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक है.

इस दिन सिंधी समुदाय के लोग भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा निकालते हैं और उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं. ये त्योहार न सिर्फ भारत बल्कि पाकिस्तान में भी मनाया जाता है.

**चेटी चंड क्यों मनाते हैं ?**

चैत्र शुक्ल द्वितीया यानी चेटी चंड से सिंधी नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है. इसलिए इस त्योहार को खास माना गया है.



सिंधी में चैत्र माह को चेट कहा जाता है और चण्ड का अर्थ है चांद. अर्थात चैत्र का चांद. चेटी चंड वो दिन है, जब अमावस्या के बाद प्रथम चन्द्र दर्शन होता है.

चेटी माह में चन्द्रमा के पहले दर्शन के कारण इस दिन को चेटी चंड के रूप में जाना जाता है. पौराणिक मान्यता है कि प्राचीन काल में भगवान झूलेलाल ने ही सिंधियों की अत्याचारी मिरखशाह से रक्षा की थी. इसलिए भगवान झूलेलाल का जन्मदिन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है.

**कैसे मनाते हैं चेटी चंड**

चेटी चंड के मौके पर जल यानि वरुण देवता की भी पूजा की जाती है, क्योंकि सिंधी समाज के लोग भगवान झूलेलाल को जल देवता के अवतार के तौर पर मानते हैं.

इस दिन सिंधु नदी के तट पर ''चालीहो साहब'' नामक पूजा-अर्चना की जाती है.चेटी चंड के दिन भक्त लकड़ी का मंदिर बनाकर उसमें एक लोटे से जल और ज्योति प्रज्वलित करते हैं, इसे बहिराणा साहब कहा जाता है.

भक्तजन झूलेलाल भगवान की प्रतिमा को अपने शीश पर उठाकर छेज नृत्य कर झांकी निकालते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -002

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# नई उमंग और नए साल के आगमन का प्रतीक है गुड़ी पड़वा पर्व, जानिए मुहूर्त और परंपरा

गुड़ी पड़वा दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के प्रमुख पर्वों में से एक है। इस दिन को मराठी नववर्ष के तौर पर मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा के दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं और घर को रंगोली और फूलों आदि से सजाते हैं। इस दिन नए कपड़े पहने जाते हैं और पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। गुड़ी पड़वा के दिन का हर कोई बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुड़ी पड़वा की सही तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तिथि और मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के मुताबिक 29 मार्च की शाम 04.27 मिनट पर चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत हुई थी। वहीं आज यानी की 30 मार्च की दोपहर 12.49 मिनट पर इस तिथि का अंत होगा। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 30 मार्च 2025 को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जा रहा है।

30 मार्च को नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। ऐसे में घटस्थापना के मुहूर्त या अभिजीत मुहूर्त के समय गुड़ी पड़वा की पूजा करना उत्तम माना जाता है। इस दिन गुड़ी पड़वा की पूजा का मुहूर्त सुबह 06.13 मिनट से लेकर सुबह 10.22 मिनट तक है। वहीं पूजा की अगला मुहूर्त दोपहर 12.00 से 12.50 मिनट तक रहेगा। इस समय घर की छत या बालकनी में गुड़ी बांधना उत्तम माना जाएगा।



**पूजा विधि**

इस दिन सुबह जल्दी उठकर शरीर पर तेल की मालिश की जाती है और फिर स्नान किया जाता है। इसके बाद गुड़ी को अच्छे से सजाकर उसपर फूल, अगरबत्ती और सुगंध और दीपक से पूजा की जाती है। अब पूजा करने के बाद गुड़ी को दूध-चीनी और पेड़े का प्रसाद अर्पित किया जाता है। वहीं विशेष रूप से गुड़ी को श्रीखंड-पुरी या पूरन पोली का भोग भी लगाया जाता है फिर शाम को सूर्यास्त के समय फूल-अक्षत, हल्दी और कुमकुम आदि अर्पित कर गुड़ी को उतार लिया जाता है।

**गुड़ी पड़वा 2025 का महत्व**

यह दिन मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई कर रंगोली और फूलों से सजाते हैं। गुड़ी पड़वा के दिन एक विशेष ध्वज, जिसको गुड़ी कहा जाता है, वह फहराया जाता है। इसको विजय और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।



## नवरात्रि में दिखना है क्लासी और एलिगेंट, तो यहां से लें रेड इंडियन आउटफिट आइडियाज

त्योहारों पर रेड साड़ी पहनना क्लासिक और एवरग्रीन लुक देता है। रेड साड़ी में आप रॉयल और ग्रेसफुल दिखेंगी। गोल्डन बॉर्डर और बूटे वाली रेड बनारसी साड़ी त्योहारों के लिए परफेक्ट है। यह लुक आपको रॉयल और ग्रेसफुल दिखाता है। रेड साड़ी के साथ कुंदन, पोल्की या टेंपल ज्वेलरी पहनें। मेकअप में रेड लिपस्टिक, विंग आईलाइनर और बिंदी लगाएं। हेयरस्टाइल में लो बन या गजरा वाला हेयरस्टाइल ट्राय करें। फेस्टिव लुक के लिए हाथों में गोल्डन या लाल चूड़ियां जरूर पहनें।

## साड़ी पहन श्रद्धा दास ने कैमरे के सामने शेयर किया बोल्ड लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।



साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा हॉट और ग्लैमरस लुक्स से फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है। उनका ये ग्लैमर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।

# अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, तीन वाहन जब्त







**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। खनिज विभाग की टीम लगातार निगरानी रखते हुए छापेमारी कर रही है, जिसके तहत कई वाहन जब्त किए गए हैं।

28 मार्च को खनिज अधिकारी और उनकी टीम ने बैकुंठपुर, चरचा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वाहन क्रमांक सीजी16 सी.एच.8082, जो अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहा था, जब्त कर लिया गया। वाहन चालक कविंद्र सिंह और वाहन मालिक विकेश जायसवाल सोनहत निवासी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। इसी तरह आज पटना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। खनिज विभाग की टीम ने डुमरिया और टेंगनी क्षेत्र में भी छापेमारी की। इस दौरान दो और वाहन पकड़े गए। वाहन क्रमांक सी.जी.16, सीजी 6923 के चालक उमेश कंवर, मालिक जगदीश साहू निवासी तरगंवा और वाहन क्रमांक सी.जी.16 सीएफ 0522 के चालक कामता, मालिक अर्जुन सिंह निवासी बिलारो को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया और वाहन को जब्त कर थाना पटना की अभिरक्षा में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक इन वाहन मालिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के नियम 21 से 23 (ख) के तहत अर्थदंड की राशि खनिज मद में जमा कराई जाएगी। जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने स्पष्ट किया है कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिले में अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आगे भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी।

## ईद-उल-फितर पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में ईद-उल-फितर के अवसर पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर प्रशासन ने उचित कदम उठाए हैं। इसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। डॉ. अमृता सिंह, तहसीलदार, थाना क्षेत्र बैकुण्ठपुर, उमेश कुशवाहा, तहसीलदार, थाना क्षेत्र सोनहत, सिराज अहमद, नायब तहसीलदार, थाना क्षेत्र, चरचा एवं प्रतीक जायसवाल, तहसीलदार पटना, कटकोना, पण्डोपारा चौकी क्षेत्र में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त, अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) बैकुण्ठपुर एवं सोनहत को उनके अनुभाग क्षेत्र में कानून-व्यवस्था का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है।





## एसएसपी ने परेड देखी, जवानों की समस्या निराकृत

**सूरजपुर।** पुलिस लाईन तके शुक्रवार, 28 मार्च 2025 को जनरल परेड का निरीक्षण करने डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर पहुंचे। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी के नेतृत्व में परेड टीम द्वारा सलामी दी गई, पश्चात डीआईजी/एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया। खराब टर्न आउट वाले अधिकारी-कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी और अच्छे टर्न आउट वाले अधिकारी-कर्मचारी को पुरस्कृत किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि पुलिस विभाग में परेड महत्वपूर्ण है। परेड अनुशासन की जड़ होती है।

परेड में शामिल समस्त प्लाटूनों के ड्रिल का निरीक्षण कर उचित दिशा-निर्देश दिया गया है। जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। अस्वस्थ कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का देखभाल करने की समझाईश दी गई।

## गुलियन बेरी सिंड्रोम की जांच करने छत्तीसगढ़ पहुंची आईसीएमआर की टीम, 6 मरीज मिलने से सहमें लोग




**कोरीया।** बैकुंठपुर जिले में एक ही इलाके से दुर्लभ गुलियन बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के 6 मरीज आखिर क्यों मिले, इसकी जांच करने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की दो सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ पहुंच गई है।

टीम में पुणे व चेन्नई के साइंटिस्ट हैं, जो मरीज व परिजनों के अलावा आसपास के लोगों के साथ डॉक्टरों से बात कर रहे हैं। यह दुर्लभ बीमारी कभी भी ज्यादा लोगों में एक साथ नहीं मिलती। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी इसे समझ नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि आईसीएमआर की टीम की मदद ली जा रही है।

जीबीएस न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। यह नर्व व मसल्स को डैमेज करता है। इससे हाथ-पैर चलना बंद हो जाता है। यही नहीं सांस नली को डैमेज करने के कारण सांस लेने में भी तकलीफ होती है। यही कारण है कि 6 में 3 मरीजों का इलाज वेंटिलेटर पर किया जा रहा है। लगातार केस मिलने व एक ही इलाके के आसपास मरीज मिलने के बाद महामारी नियंत्रण शाखा हरकत में आ गई।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. खेमराज सोनवानी के नेतृत्व में नेहरू मेडिकल कॉलेज के दो सीनियर डॉक्टरों की कमेटी बनाई गई है। आईसीएमआर टीम के साइंटिस्ट ये पता लगाएंगे कि आखिर इतनी संख्या में जीबीएस के मरीज कैसे मिले? इसकी कोई खास वजह तो नहीं है। डॉक्टरों के अनुसार यह बीमारी वायरस व बैक्टीरिया दोनों से फैलता है। जीबीएस के 6 मरीज मिलने पर इसकी जांच के लिए आईसीएमआर की टीम की मदद ली जा रही है। चेन्नई व पुणे से आए साइंटिस्ट बैकुंठपुर व रायपुर के अस्पताल में भर्ती मरीजों की जांच कर रही है। मामला गंभीर है इसलिए आईसीएमआर को सूचना दी गई।

# युवक की हत्या, पुल के नीचे लिपटा मिला शव

**बैकुंठपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बडग़ांव स्थित कोसाबाड़ी सडक़ की पुलिया के नीचे एक युवक का शव कंबल और बोरी में लिपटा मिलने से सनसनी फैल गई है। मामले की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ जांच शुरु कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या करने के बाद उसका शव किसी ने पुलिया के नीचे फेंका होगा।

बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस को शनिवार की दोपहर सूचना मिली कि ग्राम बडग़ांव में कोसाबाड़ी से लगी पुलिया के नीचे एक युवक का शव कंबल व बोरी से लिपटा हुआ है। लाश से दुर्गंध आ रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस व डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कंबल खोलकर देखा तो एक व्यक्ति का शव था। शव में कीड़े लग चुके थे। युवक की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। पुलिस ने आस-पास के लोगों से मृतक की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन कोई उसकी



शिनाख्त नहीं कर पाया। युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से युवक की शिनाख्त करने की अपील की है। वहीं विभिन्न थानों में दर्ज गुम इंसान के मामले भी खंगाले जा रहे हैं।

## कार से 53 लाख रुपए नगद बरामद

**रायपुर।** महासमुंद जिले के सिंघोडा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 53 लाख रुपए नगद बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि कार झारखंड से नागपुर जा रही थी। चालक के पास कैश का कोई वैध दस्तावेज नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सिंघोडा पुलिस रेहटीखोल चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार क्रमांक एमएच 02 सीआर 2126 को रोक कर जांच की गई तो कार की डिग्गी में रखे नोटों से भरा बैग मिला जिसमें 53 लाख रुपए नगद मिले। चालक ने पुलिस को बताया कि वह रांची झारखंड के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैक्ट्री से पैसा लेकर नागपुर जा रहा था।



## बंद खदान की पोखरी में मिली लाश

**सुरजपुर।** भटगांव थाना क्षेत्र के महान-1 बंद खदान के पोखरी में शुक्रवार को एक अज्ञात युवती का शव तैरता हुआ मिला। शव कंबल में लिपटा हुआ था और रबर से बंधा हुआ था, जिससे हत्या की पूरी संभावना जताई जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि करीब 4-5 दिन पहले हत्या कर शव फेंका गया होगा। पुलिस ने शव बरामद कर मामले को जांच में लिया है। सूरजपुर जिले के भटगांव महान-1 खदान के आस-पास रहने वाले लोगों ने शुक्रवार को खदान के पोखरी में कंबल में बंधा शव को तैरते देखा। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल एसईसीएल अधिकारी को दी। इसके बाद एसईसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में पता चला कि शव एक युवती का है, जिसकी उम्र करीब 25-26 वर्ष है। मृतका के हाथों में गोदना बना हुआ है। पुलिस के अनुसार शव को कंबल में लपेटकर रबर से बांधा गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। भटगांव पुलिस ने आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदा महिलाओं की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

## आग से 20 लाख की क्षति, बुझाने के प्रयास में ग्रामीण झुलसा

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज ग्राम कनकपुर में घर के बाहर काट रखे गए सरसों के ढेर में आग लग जाने के बाद आग घर तक पहुंच गया।जिससे घर में रखा सभी सामान व घर धु धु करके जल गया सूचना पर मौके पर रामानुजगंज से फायर ब्रिगेड पहुंची परंतु आग बुझाने में घंटा लग गए वहीं ग्रामीण के द्वारा साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने का प्रयास किया गया वह बुरी तरीका से झुलस गया जिसे 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गए जहां उसका इलाज चल रहा है। आग लगने से करीब 20 लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है। सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव पहुंचे जिन्होंने आग लगने से घायल ग्रामीण की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से चर्चा कर बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कानपुर के प्रतिष्ठित किसान ओमप्रकाश तिवारी के पैतृक निवास के बाहर सरसों काटने के के बाद रखा गया था। जिसमें किसी प्रकार से आग पकड़ लिया था। आज को बुझाने के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया वहीं स्थानीय ग्रामीण लालू यादव उम्र 55 वर्ष के द्वारा साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने में लग गए परंतु आग में काबू नहीं पाया जा सका आग की लपटे घर तक पहुंच गई एवं घर धु धु करके जलने लगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड रामानुजगंज से बुलाया गया घंटो फायर ब्रिगेड के द्वारा आग बुझाने के लिए मशक्कत की जाती रही परंतु आज पर काबू पर पाने में घंटा लग गए। सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता दयाल विश्वास, विक्रम गुप्ता सहित अन्य लोग पहुचे। जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव के द्वारा आग में झूलसे ग्रामीणों की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से बेहतर इलाज के लिए दिशा निर्देश दिए।

# 24 घंटे में सड़क होगी ठीक, चक्काजाम टाला लोगों ने

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर से लगे ग्राम पंचायत अजिरमा में एनएच 43 किनारे स्थित कालीघाट मंदिर के पास चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम में अधूरे सडक़ निर्माण से होने वाली परेशानी को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर चक्काजाम को स्थगित कर दिया है। अधिकारियों द्वारा लिखित में 24 घंटे के भीतर निर्माणाधीन सडक़ निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने का भरोसा दिया गया है। इसके बाद ग्रामीण माने।

अंबिकापुर-बिश्रामपुर मार्ग पर कालीघाट मंदिर के पास चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम में अधूरे सडक़ निर्माण से होने वाली परेशानी के मद्देनजर युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने पिछले दिनों 17 मार्च को सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन देकर सडक़ चौड़ीकरण कार्य को जल्द ही पूर्ण कराए जाने की मांग की थी।

मांग पूर्ण नहीं होने 28 मार्च को पुन: सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन देकर मंदिर के पास चक्काजाम किए जाने की बात कही गई थी। इसी तारतम्य में शनिवार को विक्की समद्दार के नेतृत्व में ग्रामीण कालीघाट मंदिर के पास एकत्र होकर चक्काजाम करने जैसे ही सडक़ पर बैठे, तभी अधिकारियों द्वारा



चर्चा कर ग्रामीणों को समझाइश देकर उठा दिया गया। इस दौरान अंबिकापुर तहसीलदार जयेश कुमार, एनएच एसडीओ टोप्पो, इंजीनियर रितेश सिंह, गांधीनगर थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख, सूरजपुर एसडीओपी अभिषेक पैकरा, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, जयनगर थाना से एसआई सोहन सिंह, पार्वती टोप्पो, पटवारी रमेश टेकाम के अलावा कांग्रेसी नेता विनय गुप्ता, तपन सिकदार, अभय लकड़ा, राजेश राय, भीमा सिंह, अभय खत्री, मीका मंडल, मंजू, आनंदी लकड़ा, शंकरी काजल सिकदार, प्रियंका, रीता, कुंती राजवंशी, दीपिका गोलदार, कौशल्या, जानकी, नीतू सरकार व अन्य लोग उपस्थित थे। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को लिखित में आश्वासन दिया गया है कि 24 घंटे के अंदर मंदिर के पास का सडक़ निर्माण कार्य हेतु मरम्मत करा दिया जाएगा, जिससे चैत्र नवरात्रि में यहां पर लगने वाले मेला व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो सकेगी। युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने बताया कि अधूरे सडक़ निर्माण से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल की परत जम जाने से मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों को संपन्न कराने में काफी दिक्कत हो रही है।

# 2 बाइक की भिड़ंत में 3 युवकों की मौत






**प्रतापपुर।** अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर खड़गवां से लगे जंगल में गुरुवार की शाम तेज रफ्तार 2 बाइक में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई। खबर मिलते ही खडग़वां पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर खडग़वां चौकी से लगे जंगल में गुरुवार की शाम करीब 5 बजे दो बाइक सवारों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। एक बाइक में प्रतापपुर निवासी 2 युवक जबकि दूसरे में छत्तरपुर निवासी एक युवक सवार था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के जहां परखच्चे उड़ गए, वहीं तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही खडग़वां चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने तीनों को मृतघोषित कर दिया। हादसे में मृत तीन युवकों में 2 की पहचान हो गई है। एक बाइक में सवार 2 युवक प्रतापपुर निवासी ओम सारथी व पुनीत काशी उर्फ बिट्टू हैं। जबकि दूसरी बाइक में सवार युवक ग्राम छत्तरपुर का बताया जा रहा है। तीनों का शव मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मरच्यूरी में रखवाया गया है।

## माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता-कलेक्टर मिश्रा

**रायपुर।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले की माताओं एवं बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य जांच समय पर की जाये। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बीते दिनों जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ केन्द्रों में भर्ती कुपोषित बच्चों की संख्या कम होना पाया गया है। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में कोई भी बिस्तर खाली न रहे। एक बच्चें के स्वस्थ्य होते ही दूसरे बच्चे को भर्ती कराकर उसे आवश्यक पोषण प्रदान कर सुपोषित किया जाये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें, एनआरसी तक लेकर आये। इसके लिए आवश्यक हो तो कुपोषित बच्चे के माता-पिता को समझाईश भी दी जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में बीते वर्ष हुए प्रसवों में मृत महिलाओं और उनके कारणों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से किये गये सी-सेक्शन आपरेशन एवं उनकी मृत्यु के कारणों के बारे में भी पूछा और जिन क्षेत्र में ज्यादा हुई है, उसकी जानकारी प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने जिले के ऐसे स्वास्थ्य केन्द्र जहां विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है, वहां निजी चिकित्सकों को हायर करने कहा।

## 9वीं कक्षा में सप्लीमेंट्री आने से दुखी छात्र ने की आत्महत्या, कमरे में झूलता मिला शव



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत 9वीं कक्षा के एक छात्र ने वार्षिक परीक्षा में पूरक आने पर आत्महत्या कर ली। उसका शव शासकीय क्वार्टर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। बेटे की मौत से परिजनों में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि सप्लीमेंट्री आने से छात्र दुखी था। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उसने ये कदम उठाया होगा। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान में सीनियर सुरक्षाकर्मी कुम्दा कॉलोनी जयराम शेट्टी का 15 वर्षीय पुत्र दिनेश शेट्टी डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा 9 वीं सेक्सन ए का छात्र था। स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र दिनेश शेट्टी पूरक आ गया था। कथित रूप से पूरक आने की बात से क्षुब्ध छात्र दिनेश शेट्टी ने गुरुवार की रात अपने क्वार्टर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव सरफराज खान ने कहा कि बीते वर्ष भी डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 वीं तथा 11 वीं के काफी छात्र पूरक आए थे। इस पर संगठन द्वारा स्कूल के प्राचार्य से इस विषय पर चर्चा की गई थी। उस समय भी काफी छात्र भारी मानसिक दबाव में थे, इस पर प्राचार्य ने छात्रों को और उनकी तैयारी को खराब रिजल्ट का कारण बताया था और इस वर्ष भी वैसा ही रिजल्ट होने के कारण ये अप्रिय घटना घटित हुई है। शाला में शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संगठन इस संबंध में चरणबद्ध तरीके से उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखेगा। इधर घटना की जानकारी मिलने पर प्राचार्य एचके पाठक व अन्य शिक्षकों ने भी शुक्रवार को छात्र के घर पहुंच परिजन से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। स्कूल के प्राचार्य एचके पाठक ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र की मां परीक्षा परिणाम लेने आई थीं। हालांकि जब छात्रों को परिजन के साथ परिणाम के पूर्व कॉपी दिखाई गई थी, उस समय भी छात्र ने अच्छे तरीके से क्लास टीचर से पूरक परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेने की बात कही थी।

# कोयला खदानों में क्यों रखे जा रहे बाउंसर ?

## ट्रांसपोर्टर जायसवाल की हत्या के बाद उठे सवाल, कार्यवाही की मांग



**कोरबा।** एनसीडीसी के साथ कोरबा जिले में शुरू हुई कोयला की खदानें बाद में डब्ल्यूसीएल ने चलाई और अब इनकी जिम्मेदारी साउथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड की है। सामान्य तौर पर धारणा यह है कि खदानों में सभी काम नियम से होते है। ऐसे में सवाल उठता है कि यहां बाउंसर का क्या काम। इन्हें अविलंब हटाने की मांग हुई है।

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सराईपाली ओपन कास्ट कोल माईंस में कोयला उठाने को लेकर हुए विवाद के तूल पकड़ने के बाद दो गुटों में संघर्ष हुआ और फिर ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की हत्या कर दी गई। इस मामले में परियोजना प्रभारी सुरेंद्र चौहान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रौशन सिंह ठाकुर सहित 16 अरोपी नामजद किये गये है। ये सभी गिरफ्त में है। भाजपा ने कड़ा रूख दिखाते हुए मामले में संलिप्त दो लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पूरे मामले को अब राजनीति तेज हो गयी है। एक क्षेत्रीय दल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि खदानों में अधिकारियों-कर्मचारियों और कोल लिफ्टर की उपस्थिति समझ में आती है। वहां पर बाउंसर का क्या काम। इन्हें तत्काल हटाये और गैर जरूरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जायी।

### पुरानी फाईलों पर संज्ञान कब

इधर एक पंजीकृत राजनैतिक संगठन के प्रतिनिधि सुरेंद्र राठौर सोनू ने सवाल उठाये है कि कोयला खदानों में मारपीट, धमकी और अन्य घटनाओं पर पुलिस संज्ञान कब लेगी। उन्होंने बताया कि उनके अलावा कई लोगों से ऐसी घटनाएं पूर्व के वर्षों में हुई है। खदानों में लगातार ऐसे मामले हो रहे है। इन्हें हासिये पर रखा जा रहा है। ऐसे ही मामले बाद में भीषण रूप ले लेते है।

## स्वाहा हुआ करोड़ों का डपंर कूदकर जान बचाई ऑपरेटर ने



**कोरबा।** एसईसीएल की कोयला खदानों में आग लगने की घटनाएं एक बार फिर से बढ़ने लगी है,जिसके कारण जान माल का नुकसान भी हो रहा है। कुसमुंडा कोयला खदान के भीतर खड़ी डंपर में अचानक आग लग गई। आग कैसे और क्यों लगी इस बात का पता नहीं चल सका है। कुसमुंडा के 9 नंबर खदान के पास हादसा हुआ है। रात करीब 9 बजे सामने आई घटना में चालक की जान बाल बाल बच गई। केबिन के कूदकर चालक ने जैसे-तैसे अपी जान बचाई। तीन करोड़ की लागत का डंपर देखते ही देखते जलकर राख हो गया,लेकिन आग को बुझाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। 3 करोड़ का डंपर जलकर हुआ राख,चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान,एसईसीएल की खदान में हुआ हादसा।

## एचटीपीएस की राख से हसदेव के जल को नुकसान

**कोरबा।** राख के रिसाव के कारण कोरबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों के लिए जीवनदायिनी माने जाने वाली हसदेव नदी प्रदूषित हो रही है। एचटीपीपी पॉवर प्लांट के 500 मेगावाट क्षमता वाले नए विद्युत सयंत्र से डिंडोलभांटा छिरहुट तक जाने वाली राखड़ पाइप लाईन का जॉइंट कपलर रामनगर स्याहीमुड़ी के पास लीक हो गया। क्षतिग्रस्त पाइप से सैकड़ों टन राखयुक्त पानी नालों के माध्यम से हसदेव नदी में पहुंच रही है। एचटीपीपी प्रबंधन की लापरवाही और पाइप सुधार के लिए नियोजित कंपनी की उदासीनता के कारण प्रदूषण का दायरा लगातार बढ़ रहा है,जिससे आम जनता में आक्रोश फैलता जा रहा है। क्षतिग्रस्त हुई पॉवर प्लांट की राखड़ पाइप लाइन,सैकड़ो टन राखयुक्त पानी नालों के माध्यम से पहुंचकर हसदेव नदी को कर रहा प्रदूषित।

## प्रशासन ने हटाया शिक्षक का अतिक्रमण, डीईओ को पत्र लिखा

**कोरबा।** एसडीएम ने एक शिक्षक के अतिक्रमण को हटाने के साथ डीईओ को अलग से कार्यवाही के लिए लिखा है। प्रमोद कुमार कैवर्त प्रथमिक शाला गिधौरी (जोगीनगर) में पदस्थ है। जिसमें तिलकेजा के शासकीय भूमि ख.न. 1916 रकबा 0.146 हे. में अतिक्रमण कर लगभग 0.002हे. में 28 मार्च 2025 को रेत गारा सीमेंट, राखड़ से शीट डलकर बेजा कब्जा किया गया। लोगों की सूचना पर एसडीएम कोरबा ने मौके पर कार्रवाई की और अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि प्रमोद कुमार कैवर्त पर सिविल सेवा आचरण नियम अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने योग्य है। संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही कर प्रशासन को अवगत कराया जाये।

## कलश यात्रा से जमा रंग, शुरू हुई रामकथा



**कोरबा।** माता दीपेश्वरी मंदिर दीपका में आयोजित श्रीराम कथा और रुद्र चंडी महायज्ञ आज से प्रारंभ हो गया। इससे मंगलमय कामना के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल8 गई। महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए थीं। यात्रा के आगे करमा नृत्य दल ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य प्रस्तुत करता हुआ चला, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

आयोजकों ने बताया कि 30 मार्च से 06 अप्रैल तक श्रीराम कथा में बाल विदुषी प्रभु प्रियाजी (रामायणी) उज्जैन धाम प्रवचन करेंगी। 25 वें प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन श्री दक्षिणा मूर्ति मठ, वाराणसी के पंडित शिवपूजन पांडे महाराज के सानिध्य मे होगा। मंदिर समिति ने भक्तों से कहा है कि वे पुण्य लाभ अर्जित करें।

## जिला अध्यक्षों के सम्मान में कांग्रेस का कार्यक्रम कल

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय मनोज चौहान एवं नत्थूलाल यादव के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय का सम्मान समारोह दिनांक 31 मार्च 2025 दिन सोमवार को दोपहर 02.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य आतिथ्य तथा रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार विशिष्ट आतिथ्य के रूप में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, सेवादल, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशीगण, पूर्व पार्षदगण, जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका जनपद पंचायत, नगर पंचायत के कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण, कांग्रेस विभाग के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एनजीएसएल ने उठाया कदम



**कोरबा।** जिले में एनजीएसएल ने सीएसआर के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अजगर बहार क्षेत्र के 20 गांवों की पशु सखियों को दो-दो बकरी और प्राथमिक दवाई किट वितरित की गई। इसके अलावा, दर्री क्षेत्र की महिलाओं को उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से हाई स्पीड मोटराइज्ड सिलाई मशीन भी दी गईं। एनजीएसएल, कोरबा के प्रोजेक्ट हेड एम के बेबी ने कहा कि उद्योगों की जिम्मेदारी है कि वे उत्पादन के साथ देश सेवा करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि एनजीएसएल ने 20 गांवों में स्रोत संस्था द्वारा गोट ट्रस्ट के माध्यम से प्रशिक्षित पशु सखियों का चयन किया है और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रति पशु सखी 2 बकरी वितरित की जा रही हैं। इस अवसर पर एनजीएसएल के एचआर एवं सीएसआर प्रमुख राहुल राय ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके उद्यमशीलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही एनजीएसएल सीएसआर का उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपस्थित अजगरबहार सरंपच ने एनजीएसल सीएसआर एवं स्रोत संस्था के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि अजगरबहार क्षेत्र की महिलाएं बकरी पालन के कार्य को व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ाएंगी और इस कार्य में पंचायत का जो भी सहयोग होगा, वे इसे सहर्ष पूरा करेंगे।

## यहां मां दुर्गा विराजेंगी नौ दिन

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर स्थित मां दुर्गा पंडाल परिसर में शारदीय नवरात्रि की भांति चैत्र नवरात्रि बीते 7-8 वर्षों से बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जहां भव्य पंडाल बनाया जाता है जिसमें मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। मां दुर्गा के साथ साथ मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कार्तिकेय, भगवान गणेश जी भी विराजित होते हैं। कोरबा के प्रख्यात पंडित भरत तिवारी महाराज जी द्वारा यहां पर प्रतिदिन सुबह और शाम मां दुर्गा की पूजा आरती की जाती है। नवदुर्गा समिति कुसमुंडा द्वारा पंडाल परिसर में मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के साथ बड़ों के लिए भी विभिन्न आकर्षक झूले की व्यवस्था की गई है । दुकान भी सजना शुरू हो गए हैं। नवरात्रि के पहले दिन से ही सभी चीजें शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा समिति द्वारा आगामी 6 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका अलका चंद्राकर का भी जसजीत कार्यक्रम रखा गया हैं। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से इस अवसर पर पंडाल पहुंचने अपील की है।

## समर्पण दिखाने वाले सुरक्षा कर्मियों का सम्मान




**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सुरक्षा कर्मचारियों के लिए 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। सीईओ ने आपाकालिन परिस्थितियों से निपटने में सुरक्षा कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए उनको सम्मानित किया। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

बड़ा खाना का आयोजन सुरक्षा टीम की एकता और ताकत का उत्सव है। यह आयोजन उनके अटूट समर्पण और हमेशा मुस्तैद डटे रहने के प्रति सम्मान प्रकट करता है। इस अवसर पर सुरक्षा और अग्निशमन कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, सदैव तत्पर रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस प्रोत्साहन से सुरक्षा और सतर्कता की संस्कृति को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रांसजेंडर महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। कलाकारों के मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीता। साथ ही नाटक के माध्यम से सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम एवं सुरक्षा कर्मचारियों की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि यह आयोजन सभी लोगों के सामूहिक प्रयास और सहयोग को दर्शाता है। हम एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। कंपनी अपने संयंत्र के साथ-साथ समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी संयंत्र में परिसर के साथ-साथ बालको टाउनशिप में एक सुरक्षित वातावरण बनाने में भी योगदान दे रहा है। आकास्मिक आग की दुर्घटनाओं से निपटने तथा रोकथाम के लिए कर्मचारियों एवं समुदाय के लोगों को प्रशिक्षित करता है। वित्तीय वर्ष में अग्निशमन विभाग ने बालसदन स्कूल, पुलिस स्टेशन, डीपीएस स्कूल, शासकीय स्कूल, गोढ़ी, बेलगरी बस्ती और आईओसीएल गोपालपुर आदि स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें कुल 656 व्यक्तियों को अग्निशामक यंत्र संचालन, सीपीआर, एलपीजी आधारित आग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया है। अग्निशमन विभाग ने बालको संयंत्र के बाहर 137 अग्नि कॉल का जवाब दिया है। कंपनी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कंपनी ने विभिन्न पहल का आयोजन किया है। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किय हैं। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है। सुरक्षा क्षेत्र में बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएस ओसी) की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, कोयला यार्ड में हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है। कंपनी के सीएसओसी ने अत्याधुनिक समाधानों के साथ सभी समस्याओं एवं चुनौतियों को दूर किया है जो सुरक्षा और नवाचार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## झूलेलाल मंदिर में ध्वज चंदन शाम को ठाकुर घाट तक शोभायात्रा



**कोरबा।** सिंधी समाज अपने अराध्यदेव वरूणदेव के अवतार भगवान झूलेलाल जी का 1075वां जन्मोत्सव पर्व सोमवार को पूर्ण श्रद्धा एवं बेहद उत्साह के साथ मनायेगा।

इस कड़ी में आज सुबह 10 बजे श्री झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ ध्वजा चंदन हुआ। विधि विधान से यह परंपरा पूरी हुई। शाम 5 बजे सामुहिक श्री बहराणे साहिब की शोभायात्रा श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड से आंरभ होगी। ठाकुर घाट पुरानी बस्ती तक यात्रा जायेगी जहां पर परंपराओं का निर्वाहन होगा। बताया गया कि 31 मार्च को प्रमुख महोत्सव में सुबह 10 बजे श्री झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना कर दोपहर 1 यजे सिंधु भवन में आम भंडारा होगा। उपरांत शाम 5 बजे श्री बहराणे साहेब की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा होगी। कई झांकियों को इसमें शामिल किया जायेगा। जिसके मार्ग में जगह जगह सजातिय बंधुओं द्वारा प्रसाद व शरबत्त का वितरण किया जावेगा शोभायात्रा का समापन शिव मंदिर पावर हाउस रोड में होगा। इससे पहले समाज के द्वारा 7 दिन तक महोत्सव के अंतर्गत कई कार्यक्रम किये गये। पुज्य सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष चंदनदास कोटवानी ने नगर एवं उपनगर के सभी सजातिय बंधुओं से आग्रह किया है कि वे सपरिवार चेट्रीचंद्र महोत्सव 2025 के सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।













स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com